सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 24 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 140, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

## राजस्थान में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपार संभावनाएं

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। } 10

## मजबूत बनी हुई है निर्यात वृद्धि की रफ्तार : गोयल



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मई के पहले तीन सप्ताह के दौरान देश के निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गयी है। अप्रैल में जो वृद्धि दर देखने को मिली थी, वह मई में भी जारी है। } 10

# भारत को विकसित बनायेंगे युवा : मोदी

### पीएम मोदी ने रोजगार मेले में 51,000 से अधिक युवाओं को बांटा नियुक्ति पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत की अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां देश के युवाओं के हित को ध्यान में रखकर सोच-समझकर और उद्देश्यपूर्ण तरीके से बनाई गई हैं। मोदी ने यह भी बताया कि दर्जनों देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने भारत के युवाओं और देश की तकनीकी प्रगति की चर्चा की है।




प्रधानमंत्री मोदी ने रोजगार मेले में 51,000 से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र डिजिटल माध्यम से वितरित किए और कहा कि आने वाले वर्षों में विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका होगी। अपनी पांच देशों की हालिया यात्रा का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, इस दौरान मेरी दर्जनों देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई, और हर जगह मैंने एक बात समान रूप से महसूस की है कि दुनिया, भारत के युवाओं और भारत की तकनीकी प्रगति को लेकर बहुत उत्साहित है। उन्होंने कहा कि विश्व भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहता है। संयुक्त अरब अमीरात, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# एक जुलाई से मनरेगा का स्थान लेगी 'वीबी-जी राम जी' योजना

### ❍ केन्द्र ने अधिसूचित किये मसौदा नियम ❍ अंतिम रूप देने से पहले मांगी जनता से राय

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम-जी) के तहत मसौदा नियमों को शनिवार को अधिसूचित किया। केंद्र ने नये ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए संस्थागत और प्रशासनिक ढांचा निर्धारित किया, जो एक जुलाई से मनरेगा का स्थान लेगा, साथ ही इसे अंतिम रूप देने से पहले जनता से प्रतिक्रिया आमंत्रित की है।

अधिकारियों ने बताया कि अधिनियम की धारा 33 और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत तैयार किए गए नियमों के मसौदे को अंतिम रूप देने से पहले व्यापक हितधारकों के परामर्श के लिए सार्वजनिक किया गया है। प्रस्तावित नियमों में बदलाव वाले प्रावधान, राष्ट्रीय स्तरीय संचालन समिति, केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद, प्रशासनिक खर्च, शिकायत निवारण, मजदूरी और बेरोजगारी भत्ते के भुगतान तथा मानक आवंटन से अधिक हुए व्यय से जुड़े हैं, जिसमें बिना विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों पर होने वाले खर्च का प्रावधान भी शामिल है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि इन नियमों का उद्देश्य पूरे देश में अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए संस्थागत, प्रशासनिक, वित्तीय और शासन ढांचा स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि साथ ही नियमों को अंतिम रूप देने से पहले सहभागी परामर्श सुनिश्चित करना है। नियमों में बदलाव की अवधि के दौरान चल रहे कार्यों को जारी रखने, देनदारियों के निस्तारण, अभिलेखों के हस्तांतरण और श्रमिकों के अधिकारों की निरंतरता का प्रावधान है। मौजूदा ई-केवाईसी सत्यापित मनरेगा जॉब कार्ड नये ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी होने तक अस्थायी रूप से वैध रहेंगे, साथ ही यदि चल रही परियोजनाएं श्रम मांग को पूरा करने के लिए अपर्याप्त हैं तो नये कार्य भी शुरू किए जा सकते हैं। वीबी-जी राम जी अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) अधिनियम को प्रतिस्थापित करने के लिए लाया गया है, जिसे सरकार द्वारा अगली पीढ़ी के ग्रामीण विकास ढांचे के तौर पर वर्णित किया गया है, जो विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप है। नये कानून के तहत वार्षिक रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है और ग्रामीण रोजगार को विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे के निर्माण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने और उबरने की क्षमता और ग्राम स्तरीय योजना से अधिक निकटता से जोड़ा गया है। प्रस्तावित ढांचे में नए निगरानी तंत्रों की भी परिकल्पना की गई है। एक राष्ट्रीय स्तरीय संचालन समिति क्रियान्वयन पर रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेगी, जिसमें मानक आवंटन, अभिसरण, ...शेष पृष्ठ 10 पर




# विधानसभा के बाद ही होंगे पंचायत चुनाव!

### ❍ 26 मई को पूरा होगा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल ❍ प्रदेश की सभी ग्राम सभा में होगी प्रशासकों की नियुक्ति

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव 2026 टलना तय माना जा रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पंचायत चुनाव में देरी को देखते हुए प्रदेश में पहली बार प्रशासकों की नियुक्ति का निर्णय लिया है। प्रधान चुनाव तक ये प्रशासक अपने पद पर प्रभावी रहेंगे। प्रदेश के सभी ग्राम सभा में प्रशंसकों की नियुक्ति होगी। सरकार ने 26 मई सभी ग्राम सभाओं में प्रशंसकों की नियुक्ति का निर्णय लिया है। ये प्रशासन वर्तमान प्रधान ही हो सकते हैं। दरअसल, प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को खत्म हो जाएगा।

प्रदेश में अब तक एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाए जाते थे। अब सरकार ने एडीओ पंचायत की जगह अलग प्रशासक की नियुक्ति का निर्णय लिया। उनके पास ग्राम सभाओं के विकास की जिम्मेदारी होगी। प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को पूरा हो रहा है। ऐसे में प्रधानों के सभी अधिकार कार्यकाल समाप्त होते ही खत्म हो जाएंगे। हालांकि, योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रधानों को बड़ी सौगात देने की योजना बना रही है। प्रधानों को एक बड़ी सौगात देने की तैयारी है। प्रदेश में सभी 57,694 प्रधानों को पहली बार प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है। पहले एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाया जाता था। पंचायत चुनाव तक वे गांव के विकास की जिम्मेदारी संभालते थे। योगी आदित्यनाथ सरकार ने इस बार राष्ट्रीय पंचायत राज्य ग्राम प्रधान संघ की ओर से की गई मांग को मान लिया है। संघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की गई थी कि एडीओ पंचायत की जगह ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया जाए। इससे आने वाले समय में गांवों के विकास को गति मिल सकेगी। सभी योजनाएं सुचारू से जारी रह सकेगी। मांग को देखते हुए विभाग की ओर से एक प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि 26 मई से पहले योगी सरकार सभी प्रधानों को ही प्रशासन के तौर पर नियुक्त कर सकती है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की भारतीय जनता पार्टी की सराकर ने प्रधानों को ही प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया गया था। यूपी सरकार भी इसी फॉमूर्ले पर आगे बढ़ सकती है। पहली बार प्रदेश में भी सभी 57694 प्रधानों को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। यूपी में पंचायत चुनाव को लेकर सीटों के ओबीसी आरक्षण का निर्धारण करने के लिए ओबीसी आयोग का गठन किया गया है। ओबीसी आयोग 6 माह में सीटों का किस तरह से आरक्षण होगा, इसको लेकर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। ओबीसी आयोग की रिपोर्ट ...शेष पृष्ठ 10 पर



## बिजली आपूर्ति लापरवाही में अधिकारी नपे

### बिजली कटौती को लेकर मुख्यमंत्री आवास आज अहम बैठक

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच हो रही बिजली कटौती को लेकर जनता का रोष लगातार बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए अब योगी सरकार एक्शन मोड में आ गई है। योगी सरकार ने बिजली आपूर्ति में लापरवाही के कारण दो अफसरों पर बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने दो एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (एक्सईएन) को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही कुछ अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है और कभी भी इन पर भी गाज गिर सकती है। वहीं, बिजली कटौती को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर रविवार की सुबह पावर कार्पोरेशन के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलायी गयी है। योगी सरकार ने गाजियाबाद में तैनात एग्जीक्यूटिव इंजीनियर राहुल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्हें मेरठ मुख्यालय से अटैच कर दिया गया है। मेरठ में कार्यरत एग्जीक्यूटव इंजीनियर योगेश कुमार को भी सस्पेंड कर दिया गया है। दोनों अधिकारियों पर विभागीय काम में लापरवाही का आरोप लगा है। शनिवार को हुई इस कार्रवाई को पावर कॉरपोरेशन में जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भीषण गर्मी में बिजली संकट अब बड़ा ...शेष पृष्ठ 10 पर

## श्रमिकों का सम्मान और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता : योगी



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिक कल्याण, कौशल विकास और रोजगार सृजन को और व्यापक तथा परिणाममुखी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को प्रदेश के सभी 75 जनपदों में विस्तारित करने, सेवामित्र व्यवस्था को और प्रभावी बनाने, निर्माण श्रमिकों के लिए बड़े शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित करने तथा रोजगार मिशन को वैश्विक अवसरों से जोड़ने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हों। शनिवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### इला. हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ललित तिवारी आज लेंगे पार्षद पद की शपथ

लखनऊ। हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद आखिरकार ललित किशोर तिवारी को नगर निगम में पार्षद पद की शपथ दिलाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। नगर निगम प्रशासन की ओर से उन्हें शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित किया गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह 9 बजे नगर निगम मुख्यालय में उन्हें पार्षद पद की शपथ दिलाई जाएगी। मामले में हाईकोर्ट ने पहले ही नाराजगी जाहिर की थी। कोर्ट ने आदेश के बावजूद ललित तिवारी को शपथ न दिलाए जाने को गंभीरता से लेते हुए इसे अवमानना की श्रेणी में माना था।

## चीन : कोयला खदान में विस्फोट, 90 की मौत

### राहत व बचाव दल ने 200 से अधिक लोगों को बचाया

एजेंसी

बीजिंग। उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से 90 खनिकों की मौत हो गई। बीजिंग के आधिकारिक मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। मीडिया ने साथ ही अपनी खबर में बताया कि अब तक 201 खनिकों को बचाया गया है।

गैस विस्फोट शुक्रवार शाम लिउशेन्यु कोयला खदान में हुआ। विस्फोट के बाद से बचाव अभियान जारी है। सरकारी समाचार पत्र चाइना डेली की खबर के अनुसार, उत्तरी चीन के शानशी प्रांत के क्विनयुआन काउंटी में कोयला खदान में विस्फोट होने से मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 90 हो गई है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने व्यापक पैमाने पर बचाव अभियान चलाए जाने और घायलों का उपचार सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हादसे के बाद की स्थिति से उचित तरीके से निपटने, इसके कारणों की गहन जांच करने और कानून के अनुसार जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए। चिनफिंग ने कहा कि इस हादसे से देशभर के प्राधिकारियों को सबक लेना चाहिए, कार्यस्थल पर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए और संभावित जोखिमों की पहचान कर उन्हें दूर ...शेष पृष्ठ 10 पर



## फिर बढ़े पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम

नयी दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 10 दिनों से भी कम समय में शनिवार को तीसरी बार बढ़ोतरी की गई। पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे लीटर जबकि डीजल के दाम में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।

ताजा बढ़ोतरी के बाद 10 दिनों के भीतर पेट्रोल एवं डीजल के दाम देशभर में लगभग पांच रुपये प्रति लीटर तक बढ़ चुके हैं। इसके साथ ही वाहन ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले सीएनजी की कीमत में भी एक रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है। हाल के दिनों में तीसरी बार हुई बढ़ोतरी के बाद सीएनजी के दाम कुल चार रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ चुके हैं। पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां ईंधन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक बनेगा भारत

### राजनाथ सिंह शिरडी में आयुध निर्माण इकाई का किया उद्घाटन

एजेंसी

शिरडी (महाराष्ट्र)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि कोई भी शक्ति भारत को अगले 25-30 वर्षों में हथियारों का सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। पहले भारत को हथियारों का आयातक समझा जाता था।

शिरडी में आयुध निर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद सिंह ने कहा कि जो राष्ट्र अपने हथियार स्वयं बनाता है, वह अपना भविष्य स्वयं लिखता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले रक्षा विनिर्माण में निजी कंपनियों की भूमिका नगण्य थी, जो अब 25-30 प्रतिशत है, जबकि सरकार ने इसे और बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा निजी क्षेत्र की भागीदारी रक्षा क्षेत्र में केवल नट-बोल्ट के आपूर्तिकर्ता की ही नहीं है, बल्कि वह अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों का निर्माता भी है। सिंह ने कहा कि भारत को हथियारों का आयातक माना जाता था, लेकिन अब कोई भी शक्ति इसे 25-30 वर्षों में सबसे बड़ा निर्यातक बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि जब सरकार की दूरदृष्टि और निजी क्षेत्र का नवाचार एक साथ मिलते हैं, तभी देश नई ऊंचाइयों पर पहुंचता है। उन्होंने कहा भारत को गोला ...शेष पृष्ठ 10 पर






**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 42.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 34.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ उत्तर प्रदेश में मजबूत होगी चेतावनी प्रणाली (पृष्ठ-02)
❍ जून माह में नहीं करायी जायें सेमेस्टर परीक्षाएं (पृष्ठ-02)
❍ सीतारमण से मिले सीएम हिमंत बिस्वा सरमा (पृष्ठ-10)
❍ कोर्ट ने आजम खान की सजा बढ़ाकर की 10 वर्ष (पृष्ठ-10)
❍ 50 औद्योगिक पार्क के लिए राज्यों से मांगे आवेदन (पृष्ठ-10)

**विशेष खबर** | यूपी सरकार व नेल्को लिमिटेड के बीच समझौता, कक्षा 9 से 12 तक छात्रों को एआई, रोबोटिक्स व 3डी प्रिंटिंग का प्रशिक्षण

# 600 विद्यालयों में स्थापित होंगीं हाईटेक ड्रीम लैब

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूली शिक्षा को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा (माध्यमिक), माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, लखनऊ में नेल्को लिमिटेड (टाटा एंटरप्राइज) एवं अग्रणी औद्योगिक समूह के साथ 600 राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अत्याधुनिक ड्रीम लैब्स (डिजाइन, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग) की स्थापना हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी की उपस्थिति में किए गए।



अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कहा कि यह समझौता केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के युवाओं के भविष्य में निवेश है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती औद्योगिक आवश्यकताओं को देखते हुए राज्य के विद्यार्थियों को इंडस्ट्री 4.0 आधारित कौशलों से लैस करना समय की मांग है। ड्रीम लैब्स इस दिशा में एक सशक्त माध्यम बनेंगे, जहाँ विद्यार्थी पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक एवं रोजगारपरक कौशल भी अर्जित करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहल व्यावसायिक शिक्षा को नई दिशा देने वाली है। उन्होंने हब एवं स्पोक मॉडल के प्रभावी संचालन, मशीनरी स्थापना, प्रशिक्षकों की गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा परिणाम आधारित निगरानी पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शुरूआत जितनी मजबूत होती है, उतना ही आवश्यक है कि हम उसे सफल परिणति तक पहुंचाएं, विशेषकर आकांक्षी जनपदों में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इस परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 600 विद्यालयों (150 हब एवं 450 स्पोक विद्यालय) को शामिल किया गया है। प्रथम चरण में 18 हब एवं 54 स्पोक विद्यालय (कुल 72), द्वितीय चरण में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## डॉक्टर की लापरवाही पर आईटीबीपी अधिकारियों ने की कार्रवाई की मांग

जिला संवाददाता

कानपुर। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के अधिकारियों ने शनिवार को कानपुर के पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर कथित चिकित्सकीय लापरवाही के मामले में कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि इलाज में लापरवाही के कारण आईटीबीपी जवान की मां का हाथ काटना पड़ा। यह विवाद उस समय सामने आया जब महाराजपुर स्थित 32वीं बटालियन में तैनात आईटीबीपी जवान विकास सिंह ने कृष्णा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के चिकित्सकों पर उनकी 56 वर्षीय मां निर्मला देवी के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया। विकास सिंह के अनुसार, उनकी मां को सांस लेने में तकलीफ होने पर 13 मई को कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

❍ **लापरवाही के चलते काटना पड़ा जवान की मां का हाथ**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट से असंतोष जताने के बाद शनिवार सुबह आईटीबीपी के कई जवान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कमिश्नरी पहुंचे। इसके बाद अफवाह फैल गई कि सशस्त्र आईटीबीपी जवानों ने पुलिस आयुक्त कार्यालय का घेराव कर लिया है। हालांकि, पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने इन खबरों का खंडन किया। उन्होंने... शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# लंबित राजस्व वादों में देरी पर जवाबदेह होंगे : सीएम

## कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलों की जवाबदेही तय की जाये, 22 लाख से घटकर 10 लाख हुए लंबित वाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि राजस्व मामलों के त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि भूमि और राजस्व से जुड़े विवाद आमजन के जीवन, किसान हितों और सामाजिक सौहार्द से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इन मामलों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा के बाद भी लंबित रहने वाले मामलों में संबंधित अधिकारियों और कार्मिकों की जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

शनिवार को राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आधारित व्यवस्था, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यप्रणाली के माध्यम से राजस्व न्यायालयों की



- धारा-80 के लंबित वाद 85 हजार से घटकर 38 हजार, राजस्व मामलों में तेजी पर जोर

कार्यक्षमता को और अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि आम नागरिक को शीघ्र न्याय मिल सके। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा से अधिक अवधि से लंबित वादों का अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि तहसील और जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा हो तथा कमजोर प्रदर्शन करने वाले जिलों की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली केवल आंकड़ों तक सीमित न रहे, बल्कि आमजन को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि आरसीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से धारा-80 के अंतर्गत लंबित वादों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। 1 जनवरी 2026 को कुल 85,158 वाद लंबित थे, जिनमें से 77,578 का निस्तारण किया गया था। वहीं 22 मई 2026 तक कुल लंबित वादों की संख्या घटकर 38,166 रह गई, जिनमें 29,543 वादों का निस्तारण किया गया। तीन माह से अधिक समय से लंबित मामलों की संख्या में भी लगातार कमी आई है। धारा-80 के मामलों में बस्ती, चित्रकूट, अयोध्या, बागपत और कन्नौज ने बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि मेरठ, वाराणसी, अमेठी, गौतमबुद्धनगर और हापुड़ का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया।

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि धारा-34 के अंतर्गत लंबित वादों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। 1 जनवरी 2026 को कुल 22,44,466 वाद लंबित थे, जो 22 मई 2026 तक घटकर 10,59,139 रह गए। इस अवधि में 5,40,945 वादों का निस्तारण किया गया।

समीक्षा में बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अलीगढ़ और बदायूं का प्रदर्शन बेहतर पाया गया, जबकि गोरखपुर, संतकबीरनगर, प्रतापगढ़, बलिया और देवरिया अपेक्षित प्रगति नहीं कर सके। मुख्यमंत्री ने इन जिलों में विशेष अभियान चलाकर लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। धारा-33 के अंतर्गत निर्विवादित वरासत मामलों की समीक्षा में बताया गया कि वर्ष 2025 में कुल 16,89,732 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 16,43,104 का निस्तारण किया गया। वहीं 22 मई 2026 तक प्राप्त 7,15,872 आवेदनों में से 6,52,512 का निस्तारण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वरासत से जुड़े मामलों में नागरिकों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें तथा सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में धारा-24 के मामलों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 1 जनवरी 2026 को 1,82,710 वाद लंबित थे, जो 22 मई 2026 तक घटकर 92,915 रह गए। समीक्षा में वाराणसी, कुशीनगर, मैनपुरी, बलरामपुर और हमीरपुर का प्रदर्शन बेहतर पाया गया, जबकि गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, प्रतापगढ़, अमेठी और मुजफ्फरनगर अपेक्षित प्रगति नहीं कर सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन जिलों में प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। धारा-116 के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा में बताया गया कि जनवरी 2026 में 1,69,693 वाद लंबित थे, जो 22 मई 2026 तक घटकर 1,14,479 रह गए। इस श्रेणी में वाराणसी, एटा, आजमगढ़, लखीमपुर खीरी और महाराजगंज का प्रदर्शन बेहतर रहा, जबकि प्रतापगढ़, मुजफ्फरनगर, कानपुर नगर, गोंडा और बलिया का प्रदर्शन कमजोर पाया गया।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राजस्व न्यायालयों में वर्षों से लंबित पुराने मामलों की अलग सूची तैयार कर उनके निस्तारण के लिए विशेष रणनीति बनाई जाए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लंबित वादों का एक समय सीमा तय करके निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्रशासन की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए, जिससे जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हो तथा लोगों को न्याय के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

# जून माह में नहीं करायी जायें सेमेस्टर परीक्षाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- उप्र कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन ने सीएम योगी और राज्यपाल को पत्र लिखकर उठायी मांग



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन डॉ. अमित कुमार राय ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल को पत्र लिखकर मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षाएं 15 मई तक संपन्न कराने के निर्देश पूर्व में जारी किए जा चुके हैं, किंतु दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि अनेक विश्वविद्यालयों द्वारा इस निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है। वर्तमान समय में प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है तथा कई जनपदों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। ऐसे विषम मौसम में जून माह के दौरान विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित कराना छात्र एवं शिक्षक हितों के साथ अन्याय है।

डॉ. अमित कुमार राय ने मांग की है कि छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए फाइनल सेमेस्टर को छोड़कर अन्य सभी सेमेस्टर की शेष परीक्षाएं जून माह में आयोजित न करायी जाएं तथा इस संबंध में विश्वविद्यालयों को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक महाविद्यालयों में पंखे एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं भी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रही हैं। ऐसी स्थिति में भीषण गर्मी के बीच परीक्षा कराना छात्रों एवं शिक्षकों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परीक्षाएं आयोजित करना किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है।

डॉ. अमित कुमार राय ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि छात्रों एवं शिक्षकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल संवेदनशील निर्णय लिया जाए।

# उत्तर प्रदेश में मजबूत होगी चेतावनी प्रणाली

## मुख्यमंत्री योगी ने दिए त्वरित और जनकेंद्रित मौसम अलर्ट के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

- 13 मई के आंधी-तूफान की समीक्षा, कई जिलों में जारी हुआ था रेड अलर्ट
- यूपी में 450 वेदर स्टेशन और 2000 रेन गेज से हो रही मौसम की निगरानी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी प्रणाली को और अधिक सटीक, त्वरित तथा जनकेंद्रित बनाने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को राहत एवं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान समय पर दी गई सही सूचना अनेक लोगों का जीवन बचा सकती है। इसलिए मौसम पूर्वानुमान और चेतावनी तंत्र को केवल तकनीकी व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गांवों और संवेदनशील क्षेत्रों में ह्लास्ट माइल कनेक्टिविटीह्व मजबूत करने, आईवीआरएस, पंचायत स्तर के लाउडस्पीकर, स्थानीय एफएम रेडियो, मोबाइल अलर्ट तथा सोशल मीडिया का व्यापक उपयोग करने के निर्देश दिए।

बैठक में 13 मई 2026 को आए भीषण आंधी-तूफान की समीक्षा प्रस्तुत की गई। बताया गया कि आईएमडी के मल्टी-हैजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम (एमएचईडब्ल्यूएस) द्वारा इस घटना की सात दिन पहले से निगरानी की जा रही थी। प्रारंभ में येलो वार्निंग जारी की गई, जिसे बाद में ऑरेंज वार्निंग तथा कई जिलों में रेड अलर्ट में अपग्रेड किया गया। चेतावनियों में तेज आंधी, बिजली गिरने, ओलावृष्टि और 60 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार वाली हवाओं की आशंका जताई गई थी। कई स्थानों पर हवा की गति 80 से 130 किलोमीटर प्रति घंटा तक दर्ज की गई। बैठक में बताया गया कि भदोही, प्रयागराज, फतेहपुर, लखनऊ, मिजार्पुर, रायबरेली, कानपुर नगर और उन्नाव सहित अनेक जिलों के लिए 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक की हवा चलने संबंधी नाउकास्ट अलर्ट जारी किए गए थे। ह्लसचेतह्व प्लेटफॉर्म के माध्यम से कलर-कोडेड अलर्ट जिला प्रशासन, डीडीएमए, आपदा मित्रों और संबंधित विभागों तक पहुंचाए गए। प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय मोबाइल फोनों पर एसएमएस आधारित चेतावनियां भी भेजी गईं। पूरी घटना के दौरान लगातार एसएमएस अलर्ट जारी किए गए। स्थानीय टीवी चैनलों, एफएम रेडियो, व्हाट्सएप समूहों, ग्राम प्रधानों, लेखपालों तथा आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से भी व्यापक स्तर पर सूचना प्रसारित की गई। मुख्यमंत्री ने मौसम संबंधी पूर्व सूचना मिलने के बाद संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेतावनी जारी करने के साथ-साथ लोगों में सुरक्षित व्यवहार को लेकर जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। उन्होंने स्कूलों, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही पेड़ों, बिजली के खंभों, होर्डिंग्स और कमजोर अस्थायी संरचनाओं की संवेदनशीलता का स्थानीय स्तर पर आकलन कर एसओपी तैयार करने को कहा।

बैठक में बताया गया कि आईएमडी की ओर से डॉप्लर वेदर रडार, ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस), ऑटोमैटिक रेन गेज स्टेशन (एआरजी), लाइटनिंग सेंसर, सैटेलाइट इमेज तथा न्यूमेरिकल वेदर प्रिडिक्शन मॉडल्स के माध्यम से प्रदेश में मौसम की लगातार निगरानी की जा रही है। मीडियम रेंज फोरकास्ट (4-5 दिन), शॉर्ट रेंज फोरकास्ट (2-3 दिन) तथा नाउकास्ट (3 घंटे तक) स्तर पर थंडरस्टॉर्म और लाइटनिंग गतिविधियों का पूर्वानुमान जारी किया जाता है। प्रदेश में 450 ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन तथा 2000 ऑटोमैटिक रेन गेज स्थापित किए जा चुके हैं। अलीगढ़, झांसी, लखनऊ, वाराणसी और आजमगढ़ में डॉप्लर वेदर रडार स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि बरेली, देवरिया और प्रयागराज में अतिरिक्त रडार लगाने की प्रक्रिया जारी है।

# उप्र मदरसा बोर्ड का रिजल्ट घोषित, 88.26% छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

## मदरसा बोर्ड परीक्षा में 55,788 छात्र-छात्राएं सफल, छात्राओं का प्रदर्शन सबसे बेहतर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मदरसा शिक्षा को आधुनिक, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में योगी सरकार लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में शनिवार को उप्र मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) तथा आलिम (सीनियर सेकेंडरी) बोर्ड परीक्षा वर्ष-2026 का परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष मदरसा बोर्ड परीक्षा का कुल परिणाम 88.26 प्रतिशत रहा। कुल 55,788 छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। खास बात यह रही कि छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा। कुल 29,229 छात्राएं 94.30 प्रतिशत सफलता दर के साथ पास हुईं, जबकि 26,559 छात्र 85.13 प्रतिशत दर के साथ सफल हुए।

सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-



- सेकेंडरी में 41 हजार से ज्यादा परीक्षार्थी पास, सीनियर सेकेंडरी में भी बेटियों का दबदबा

छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें 41,426 परीक्षार्थी सफल रहे। इस परीक्षा का कुल परिणाम 88.07 प्रतिशत रहा। सेकेंडरी में भी छात्राओं का प्रदर्शन शानदार रहा है। 21,407 छात्राएं 91.46 प्रतिशत सफलता दर के साथ पास हुईं, जबकि 20,019 छात्र 84.72 प्रतिशत अंक के साथ सफल घोषित किए गए।

वहीं, सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इनमें 14,362 छात्र-छात्राएं सफल हुए। इस स्तर पर कुल सफलता प्रतिशत 88.79 रहा। सीनियर सेकेंडरी में 7822 छात्राओं ने परीक्षा पास की, उनका रिजल्ट 90.88 प्रतिशत रहा। जबकि 6540 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। इस तरह 86.42 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा को नकलविहीन और तकनीकी निगरानी के बीच सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने परिणाम घोषित करते हुए कहा कि हमारी सरकार की मूल नीति सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ सबका प्रयास है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के सशक्तीकरण की आधार नीति को यथार्थ धरातल पर लाने का काम योगी सरकार लगातार कर रही है।

छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट मदरसा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट https:// madarsa board.upsdc.gov.in पर देख सकते हैं। मदरसा बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे।

परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिनकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। योगी सरकार के सख्त इंतजामों के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

# भाजपा पीडीए का आरक्षण खा गयी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पीडीए आरक्षण में घोटाला किया है। भाजपा पीडीए का आरक्षण खा गयी। 69 हजार शिक्षक भर्ती में पिछड़े वर्गों को 27 फीसदी आरक्षण के बजाय सिर्फ 3.80 फीसदी आरक्षण मिला। एससी वर्ग को 21 फीसदी आरक्षण की जगह 16.2 फीसदी आरक्षण मिला। भाजपा सरकार ने पिछड़े, दलितों के आरक्षण की लूट की है। भाजपा निजीकरण करके आरक्षण को समाप्त करने की साजिश कर रही है। युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।



पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सुविधा, सम्मान, आरक्षण और सामाजिक न्याय का राज समाजवादी पार्टी की सरकार में ही सम्भव है। उन्होंने कहा कि सपा की स्थापना का लक्ष्य ही तमाम तरह की विषमता को मिटाना है। भाजपा की आर्थिक नीतियों से विषमता बढ़ी थी। भाजपा ने अमीरी-गरीबी की खाई को बढ़ाकर आर्थिकी केंद्रीकृत किया। यह भ्रष्टाचार का तरीका है। भारत की आर्थिक ताकत कुछ हाथों में संग्रहित की जा रही है। महंगाई से आम जन तबाह है। देश के करोड़ों बेरोजगारों को कोई पूछने वाला नहीं है। भाजपा सरकार जनता के लिए नहीं बड़े उद्योगपति और पूंजीपतियों के हित में काम करती है।

भाजपा ने चंद पूंजीपतियों के लिए किसानों की किस्मत गिरवी रख दी है। भाजपा गरीबों, किसानों के लिए काम नहीं करती है बल्कि भाजपा गरीबों और किसानों की दुश्मन है। उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के सभी नेताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। सपा के कार्यकर्ता और बूथ प्रहरी सतर्क रहें। भाजपा अभी भी मतदाता सूची में हेराफेरी की साजिश कर सकती है। भाजपा राजनीति को गैंग बनाकर काम कर रही है। चौतरफा लूट मचा रखी है। लूट की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भाषा व्यवहार ऐसा हो जिससे किसी को शिकायत का मौका न मिल सके।

# सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के साथ लिखी जा रही पोषण और उज्ज्वल भविष्य की नयी इबारत

## सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पीएम पोषण योजना से बदल रही उत्तर प्रदेश की तस्वीर

विशेष संवाददाता (vol)

- 1.42 लाख राजकीय, परिषदीय, सहायता प्राप्त व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को मिल रहा गर्म, ताजा और पौष्टिक भोजन
- 1.46 करोड़ बच्चों तक पहुंच रही पोषण की शक्ति, शिक्षा और सामाजिक समरसता का मजबूत आधार बनी योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में अब पढ़ाई के साथ-साथ पोषण, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की नई कहानी लिखी जा रही है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (पीएम पोषण योजना) आज प्रदेश के करोड़ों बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह योजना केवल 'मिड-डे मील' तक सीमित नहीं रही, बल्कि 'पोषण से राष्ट्र निर्माण' का व्यापक अभियान बन गई है।

प्रदेश के लगभग 1.42 लाख राजकीय, परिषदीय एवं सहायता प्राप्त प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 1.46 करोड़ से अधिक बच्चों को प्रतिदिन गर्म, ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह व्यवस्था बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक विकास और नियमित विद्यालय उपस्थिति को सुनिश्चित कर रही है।

**विद्यालयों में बढ़ी उपस्थिति, मजबूत हुआ भरोसा :** पीएम पोषण योजना का सकारात्मक प्रभाव विद्यालयों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। योजना के प्रभाव से नामांकन और उपस्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह योजना बच्चों की शिक्षा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

**सामाजिक समरसता और समानता का संदेश :** विद्यालयों में एक साथ बैठकर भोजन करने की व्यवस्था सामाजिक समरसता और समानता का भी सशक्त संदेश दे रही है। विभिन्न वर्गों और समुदायों के बच्चे एक साथ भोजन कर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत कर रहे हैं।

**3.53 लाख रसोइयां बनीं पोषण प्रहरी :** प्रदेश में पीएम पोषण योजना के सफल संचालन में 3.53 लाख से अधिक रसोइयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये रसोइयां प्रतिदिन स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन तैयार कर बच्चों के स्वास्थ्य की मजबूत आधारशिला रख रही हैं।

**रसोइयों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता :** योगी सरकार ने रसोइयों के सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त 1000 रुपये अतिरिक्त मानदेय उपलब्ध कराया है। साथ ही, परिधान मद में 500 रुपये प्रति रसोइया की सहायता भी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, प्रदेश की 93 प्रतिशत से अधिक रसोइयों को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़ा जा चुका है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

**गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष जोर :** प्रदेश सरकार द्वारा पीएम पोषण योजना में गुणवत्ता और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। भोजन की नियमित मॉनिटरिंग के साथ-साथ रसोइयों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। स्वच्छ भोजन निर्माण, पोषण संतुलन और खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

**रसोई से मंच तक पहुंची प्रतिभा :** योगी प्रदेश सरकार रसोइयों को भोजन तैयार करने वाली कार्यकर्ता से आगे बढ़कर 'पोषण प्रहरी' के रूप में पहचान दे रही है। इसी उद्देश्य से विभिन्न जनपदों में ह्यरसोइया पाक-कला प्रतियोगिताओंह्ण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 3500 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2500 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1500 रुपये के अलावा प्रतिभाग करने वाली सभी रसोइयों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। वाराणसी में आयोजित पाक-कला प्रतियोगिता में रसोइयों ने स्वाद, स्वच्छता और पौष्टिकता के उत्कृष्ट समन्वय का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर सरकार ने यह संदेश दिया कि बच्चों के भविष्य को संवारने वालों का सम्मान सर्वोपरि है।


**पोषण से विकसित उत्तर प्रदेश का मजबूत संकल्प :** पीएम पोषण योजना आज उत्तर प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी मॉडल बन चुकी है। यह योजना बच्चों को बेहतर पोषण, नियमित शिक्षा और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक बेहतर पोषण, प्रत्येक विद्यालय तक गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं और प्रत्येक परिवार तक शिक्षा व्यवस्था के प्रति विश्वास को मजबूत किया जाए। इसी उद्देश्य के अंतर्गत विद्यालयों में पोषण, गुणवत्ता और आधुनिक संसाधनों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। आज विद्यालयों की थालियों में परोसा जा रहा भोजन केवल अन्न नहीं, बल्कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का मजबूत संकल्प बन चुका है।

# पिछले साल के मुकाबले कम सड़क हादसे, मृतकों की संख्या घटी

## इस अवधि में सड़क दुर्घटनाओं में 21 और मृत्यु में 22 प्रतिशत की कमी की गई दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद संजीदा हैं। हादसों को न्यूनतम करने की दिशा में वे समय-समय पर संबंधित विभागों की समीक्षा, सकारात्मक प्रयास, जागरूकता आदि पर जोर देते हैं। लिहाजा, सड़क सुरक्षा को लेकर योगी सरकार के प्रयास रंग ला रहे हैं। ई-डीएआर पोर्टल के मुताबिक, वर्ष 2025 की जनवरी से अप्रैल की समयावधि की अपेक्षा जनवरी 2026 से अप्रैल 2026 के बीच दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मृत्यु में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। इस अवधि में पिछले वर्ष की तुलना में 3669 (21 प्रतिशत) दुर्घटनाएं कम हुई हैं, जबकि मृतकों की संख्या में भी 2212 (22 प्रतिशत) की कमी दर्शाई गई है।



परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर आम नागरिकों को निरंतर जागरूक कर रहा है। सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम करने की दिशा में संबंधित विभागों के साथ ठोस कदम भी उठाए जा रहे हैं। आम नागरिकों से भी निवेदन है कि हेलमेट, सीट बेल्ट व यातायात के नियमों का पालन करें। सड़क सुरक्षा, स्कूली वाहनों के फिटनेस आदि को लेकर जल्द ही फिर से अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

सीएम के निर्देश के उपरांत सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए लगभग 2000 स्थानों पर होर्डिंग लगाई गई और प्रचार-प्रसार के जरिए परिवहन विभाग आमजन को निरंतर जागरूक भी कर रहा है।

सीएम योगी के निर्देश पर परिवहन निगम के चालकों की निरंतर स्वास्थ्य/नेत्र जांच की जा रही है। हर छमाही चेकअप किया जा रहा है। अप्रैल 2026 तक 18,975 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षा किया जा चुका है। शेष 2560 चालकों की जांच भी चल रही है। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत यूपीएसआरटीसी की बसों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाया जा चुका है। ब्रेथ एनालाइजर परीक्षण अनिवार्य किया गया है। वहीं 300 किमी. से अधिक यात्रा वाली बसों में दो चालक की ड्यूटी भी अनिवार्य की गई है। सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग/निगम काफी संजीदगी से प्रयासों को धरातल पर उतार रहा है। सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि को न्यूनतम करने के उद्देश्य से केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के 20 जनपदों के 242 क्रिटिकल थानों को जीरो फैटेलिटी योजना के लिए चिह्नित किया गया था। यातायात निदेशालय के मुताबिक इस योजना के क्रियान्वयन के उपरांत 4 महीने में 566 व्यक्तियों की जान बचाई जा चुकी है। उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 487 क्रिटिकल पुलिस थानों पर यह योजना लागू की गई है। इन 487 क्रिटिकल थानों में 573 क्रिटिकल कॉरिडोर टीम गठित की गई है। हर टीम में एक उपनिरीक्षक व 4 मुख्य आरक्षी/ आरक्षी (2865 पुलिसकर्मी) नियुक्त हैं, जो जीरो फैटेलिटी को सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहे हैं।

पहली जनवरी 2026 से 15 मई 2026 के बीच सभी 18 मंडलों मे होल्डिंग एरिया भी चिह्नित व नोटिफाइड किए गए। मंडलों में 656 होल्डिंग एरिया चिह्नित किए गए, इसमें से 630 को नोटिफाइड भी किया गया। आगरा मंडल में सर्वाधिक 121, बरेली में 103, मुरादाबाद में 75, आजमगढ़ में 62 होल्डिंग एरिया चिह्नित/नोटिफाइड किए गए हैं।

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र किसानों, उद्यमियों एवं युवाओं के लिए अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है। यह सेक्टर न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन का माध्यम भी बनेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

उप मुख्यमंत्री ने उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, अनुदानों एवं प्रोत्साहनों के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी इस क्षेत्र में निवेश के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानों के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलाना सरकार की प्राथमिकता है।

इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत गठित अप्रेजल समिति की बैठक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न निवेशकों ने अपने प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण किया तथा विभागीय अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में अवगत कराया गया कि ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त 06 नवीन प्रस्तावों को अप्रेजल समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। परीक्षण के बाद एक प्रस्ताव को अपूर्ण पाए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया, जबकि 05 प्रस्तावों को आवश्यक शर्तों के साथ राज्य स्तरीय एम्पावर्ड कमेटी (एसएलईसी) के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की संस्तुति की गई।

समिति द्वारा जिन परियोजनाओं को संस्तुति किया गया, उनमें कानपुर देहात में काबोर्नेट वाइन निर्माण इकाई, मुजफ्फरनगर में ऑर्गेनिक जैगरी क्यूब्स एवं ब्राउन/व्हाइट शुगर इकाई, एटा में चिकोरी प्रसंस्करण इकाई, बाराबंकी में फ्रोजन फूड्स एवं वेजिटेबल प्रसंस्करण इकाई और हाथरस में कुट्टू एवं सौंफ प्रसंस्करण इकाई की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव शामिल हैं।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि संबंधित इकाइयां स्थानीय कृषकों से प्राथमिकता के आधार पर कच्चे माल की खरीद सुनिश्चित करें। साथ ही, निवेशकों को फायर सेफ्टी, प्रदूषण नियंत्रण एवं अन्य आवश्यक तकनीकी अनापत्तियां सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करनी होंगी। अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से कृषि आधारित उद्योगों को गति मिलेगी, किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया।

संक्षेप

## किसान को फसल नुकसान के मिले 30 हजार

पसगवां खीरी। माननीय मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत आग लगने से गेहूं की फसल जलकर नष्ट होने से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जमुनिया सहबाज निवासी राम सिंह को फसल नुकसान के मामले में 30 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। उप जिलाधिकारी मितौली मधुसूदन गुप्ता ने पीड़ित किसान को सहायता राशि प्रदान करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि आपदा या दुर्घटना की स्थिति में किसानों को समय पर राहत मिल सके, जिससे उन्हें आर्थिक संकट से उबरने में सहायता प्राप्त हो। इस दौरान मंडी सचिव नरेश रस्तोगी भी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल से पीड़ित किसान को राहत मिली है तथा क्षेत्रीय लोगों ने भी योजना की सराहना की है।

## नहर में मिली मोटरसाइकिल

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत हुसैनपुर पुल के पास दक्षिण शारदा सहायक नहर में एक लावारिश मोटरसाइकिल मिलने से इलाके में सनसनी और चर्चा का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकवाकर जांच में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा सहायक नहर के हुसैनपुर पुल के पास नहर में नहाने गए कुछ ग्रामीणों की नजर पानी के अंदर बालू-रेत में धंसी एक मोटरसाइकिल पर पड़ी। बाइक का कुछ हिस्सा हल्का दिखाई दे रहा था। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से मोटरसाइकिल को नहर से बाहर निकलवाया। बाहर निकालने के बाद जांच में सामने आया कि बाइक पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी हुई थी और उसका चेसिस नंबर भी स्पष्ट रूप से पढ़ा नहीं जा सका। मोटरसाइकिल नहर में कैसे पहुंची और यह किसकी है। इसे लेकर स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं और कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी हुई है और मोटरसाइकिल की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि यह मामला किसी दुर्घटना से जुड़ा है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

## भंडारे का आयोजन

सीतापुर। विजय लक्ष्मी नगर गोल पार्क के पतंजलि योग परिवार की ओर से विशाल भंडारा का आयोजन चांदी हनुमान मंदिर के पड़ोस में अंद हुसेन शोरूम पर किया गया। योग गुरु राजेश अग्रवाल, नीरज वर्मा, मंजू अग्रवाल, विनीता अग्रवाल सौरभ अग्रवाल, श्रवण बाजपेई, विजय शंकर महावर, राजेश बाबू मिश्रा, मोहन सिंह, श्याम नारायण वर्मा, संदीप सिंह, अतुल त्रिपाठी, सोम कुमार श्रीवास्तव, अंकित जायसवाल, कंचन सिंह, सरोज अग्रवाल, ऊषा महावर जंददन, गायत्री अवस्थी, राज किशोर जायसवाल, रंजना खन्ना, ऋचा, विकास गुप्ता, दीपक मेहरोत्रा, वर्षा, रजनी मेहरोत्रा, गिरधर, सुनीता गुप्ता, रीता, कोमल अग्रवाल, सरोज, विनीता शर्मा, श्रेष्ठ अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल आदि लोगों के आर्थिक सहयोग से भंडारे की व्यवस्था की गई। व्यवस्थापक विनीता अग्रवाल रही। सभी आए हुए भक्त गणों और योगा परिवार का दिल से धन्यवाद आभार व्यक्त करता हूं। सफलता पूर्वक भंडारा संपन्न हुआ।

# बिजली संकट पर बेकाबू हुआ आक्रोश, एसडीओ संभालते रहे मोर्चा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने नगरवासियों का धैर्य तोड़ दिया है। खासतौर पर फीडर नंबर तीन और चार से जुड़े उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी पनपने लगी है।

हालात इस कदर बिगड़ गए कि गुरूवार रात बिजली समस्या से परेशान लोग सड़कों पर उतर आए और देर रात तक विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताते रहे। नगरवासियों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से रात में रोस्टिंग और लोकल फॉल्ट के नाम पर घंटों बिजली काटी जा रही है। दिनभर की तपिश के बाद रात में बिजली गुल होने से लोग पूरी रात जागने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली विभाग की कार्यशैली पूरी तरह चरमरा गई है। शिकायत के दौरान न तो कर्मचारी फोन उठाते हैं और न ही अधिकारी सही जानकारी देते हैं। कई लोगों ने आरोप लगाया कि घंटों बिजली गायब रहने के बावजूद विभाग की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता। इससे लोगों में गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। बढ़ते आक्रोश के बीच एसडीओ अजय यादव देर रात अपने कार्यालय के बाहर कुर्सी डालकर बैठे नजर आए। बताया जा रहा है कि वह व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली व्यवस्था जल्द ठीक होने का भरोसा दिलाते रहे, लेकिन लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। नगरवासियों ने आरोप लगाया कि हर बार लोकल फॉल्ट और रोस्टिंग का हवाला देकर बिजली काट दी जाती है, जबकि विभाग समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। लगातार हो रही कटौती से इन्वर्टर जवाब दे चुके हैं और पेयजल संकट भी गहराने लगा है।

लोगों का कहना है कि समय से बिजली बिल जमा करने के बावजूद उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। वहीं बिजली विभाग का कहना है कि स्टाफ की कमी और लोकल फॉल्ट के चलते समस्या आ रही है, लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

## बिजली संकट पर सख्त हुए अमन गिरि



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भीषण गर्मी और लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था को लेकर क्षेत्रवासियों में बढ़ते आक्रोश के बीच विधायक अमन गिरि ने बिजली विभाग के अधिकारियों को फार्महाउस पर तलब कर जमकर फटकार लगाई। विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि भीषण गर्मी में जनता को घंटों बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या झेलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित कटौती, लो वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए बड़े फैसले लिए। बैठक में तय किया गया कि विद्युत वितरण केंद्र गोला पर बढ़ते अतिरिक्त भार को कम करने के लिए सिकंदराबाद उपकेंद्र को गोला विद्युत वितरण से अलग किया जाएगा।

इसके साथ ही सिकंदराबाद क्षेत्र में लंबे समय से बनी लो वोल्टेज और बिजली आपूर्ति की समस्या दूर करने के लिए सिकंदराबाद उपकेंद्र को कपरहा 220 केवीए उपकेंद्र से जोड़ने के निर्देश दिए गए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके।

विधायक अमन गिरि ने कहा कि भीषण गर्मी में बिजली संकट से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक परेशान हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और बिजली आपूर्ति में जल्द सुधार दिखाई देना चाहिए।

बैठक में अधीक्षण अभियंता मनीष झा, अधिशाषी अभियंता अरविंद कुमार, अधिशाषी अभियंता गोला, वरिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला आयुष समिति की बैठक आयोजित

सीतापुर। जिलाधिकारी डा० राजागणपति आर० की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति सीतापुर की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में राष्ट्रीय आयुष मिशन उ०प्र० लखनऊ द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में बिन्दुवार अध्यक्ष, जिला आयुष समिति को अवगत कराया गया तथा जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर करसा व सोन्सरी में जलभराव की समस्या, तथा बड़ागांव, व लश्करपुर में बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत एवं निर्माण के लिए सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया तथा 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व 14 दिवसीय लाईव योगाभ्यास सेशन में जनभागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को अनुस्मारक पत्र जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से डिस्ट्रिक्ट आफिसर ग्रुप में प्रेषित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी डा० राजागणपति आर० ने राजकीय आयर्वेदिक चिकित्सालय कोरौना के निष्प्रयोज्य भवन से सम्बंधित पत्रावली प्रस्तुत करने के निर्देश क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को दिये।

## कॉपियां दिखाकर विद्यार्थियों को बताये सुधार के तरीके



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में आयोजित प्रथम मासिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को दिखाई गईं। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं में हुई गलतियों की जानकारी देते हुए उनमें सुधार के तरीके भी समझाए। विद्यालय में प्रथम मासिक परीक्षा का आयोजन 15 मई से 20 मई तक किया गया था। परीक्षा परिणाम के बाद अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर बच्चों के प्रदर्शन की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विषयवार कमजोरियों से अवगत कराते हुए आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्या मधु त्रिपाठी ने कहा कि सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का उद्देश्य विद्यार्थियों की कमियों को पहचानकर उनमें सुधार करना है। उन्होंने कहा कि नियमित मूल्यांकन से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और पढ़ाई के प्रति गंभीरता आती है।

## सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का समापन




हरगांव (सीतापुर)। शैक्षिक गुणवत्ता से भरपूर आदर्श नगर पंचायत हरगांव में स्थित बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप का आज पारंपरिक खेल अंताक्षरी के साथ शानदार समापन हुआ।

सप्ताह भर चले कैंप का मुख्य उद्देश्य विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को भारतीय और क्षेत्रीय भाषाओं की समृद्ध विरासत से परिचित कराना था। जिसमें अन्तिम दिन आयोजित अंताक्षरी प्रतियोगिता में पलक अवस्थी, अरुण, मयंक जोशी, फिजा खां, पिंकी, अंकित और शैलेश कुमार का बेहद सराहनीय प्रदर्शन रहा। पूरे आयोजन को सफल बनाने में गाइड छात्राओं आराध्या तिवारी, भूमिका सिंह, लक्ष्मी, अंकिमा, प्रिया राठौर और सोनी ने विशेष योगदान दिया। जबकि कैंप का कुशल संचालन शिक्षक अंशू कुमार वर्मा, डॉ. अनिल कुमार, राजेश कुमार गुप्त, ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, संजीव कुमार बाजपेई, सीमा मिश्रा, प्रज्ञा शुक्ला और पूजा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा ने कैंप के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम की सराहना की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी शिक्षकों व छात्र- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित कर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य ने भाषाई ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी विद्यार्थियों व स्टाफ से सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में भविष्य में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की।

## कलरव 5.0 चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम घोषित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्री गोकर्ण फाउंडेशन द्वारा आयोजित कलरव 5.0 चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5, कक्षा 6 से 8, कक्षा 9 से 12 तथा स्नातक से परास्नातक स्तर तक के प्रतिभागियों को विजेता एवं प्रशंसा सम्मान के लिए चयनित किया गया। कक्षा 1 से 5 वर्ग में वंश प्रताप सिंह, उजैफ अंसारी, काया गुप्ता, अकाशी सरकार, अंशिका, कार्तिक सिंह, दीपिका वर्मा, आयुष्मान शर्मा, पल्लवी जायसवाल एवं लक्ष्य को विजेता घोषित किया गया। वहीं अक्सा फातिमा, शांतनु गुप्ता, काव्या पटवा, साध्वी, रूही, नैना देवी, ध्रुविक, आरोही दुबे, इंशा एवं राधा मौर्य को प्रशंसा सम्मान के लिए चयनित किया गया। कक्षा 6 से 8 वर्ग में सात्विका सिंह, कौस्तुभ, वंशिका सोनी, उपस्थि डे, अक्षित वर्मा, तमन्ना, कृतिका एवं आद्या गुप्ता विजेता रहे। प्रशंसा सम्मान के लिए अश्विन वर्मा, रौनक वर्मा, अदिति पटेल एवं अथर्व मिश्र का चयन किया गया। कक्षा 9 से 12 वर्ग में अंजली वर्मा, अस्मिता गिरि, आराध्या, नैतिक पटेल एवं हिमांशी राज को विजेता घोषित किया गया। जबकि नंदिनी राज, बबली एवं नैतिक वर्मा को प्रशंसा सम्मान के लिए चयनित किया गया। स्नातक से परास्नातक वर्ग में प्रियांशी गुप्ता, शिवांगी सक्सेना एवं रिमझिम यादव विजेता रहीं। वहीं कंचन प्रजापति एवं सोना सक्सेना को प्रशंसा सम्मान के लिए चुना गया। विनायक श्रीवास्तव ने बताया कि परिणाम घोषित होने के बाद शीघ्र ही कार्यकारिणी की बैठक कर पुरस्कार वितरण समारोह की तिथि तय की जाएगी।

## योग प्रशिक्षण व नेपाल बॉर्डर कराया गया भ्रमण



पलियाकलां खीरी। प्रताप नारायण मिश्र स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चंदन चौकी, खीरी में उअळउ 211 एनसीसी कैम्प का चौथा दिन। संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (उअळउ-211) के चौथे दिन कैडेट्स के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। दिन की शुरूआत प्रातःकालीन योग सत्र से की गई, जिसमें कैडेट्स को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम एवं मानसिक एकाग्रता के अभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस सत्र का उद्देश्य कैडेट्स के शारीरिक एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ करना रहा। इसके पश्चात ररइ की 3वीं वाहिनी के जवानों द्वारा पोस्ट का दौरा कराया गया। और इस दौरे के दौरान कैडेट्स को नेपाल सीमा क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्हें सीमावर्ती क्षेत्रों की भौगोलिक, सामरिक एवं सांस्कृतिक जानकारी दी गई। इस भ्रमण ने कैडेट्स को सीमा सुरक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया। शिविर अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियाँ कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करती हैं।

# आरटीआई का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी : राज्य सूचना आयुक्त




- खीरी में आरटीआई क्रियान्वयन को लेकर अटल सभागार में हुई अहम बैठक पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर

लखीमपुर खीरी। सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, शासन व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण को लेकर राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम का मूल उद्देश्य आमजन को समय से और सरल तरीके से सूचना उपलब्ध कराना है, जिससे शासन व्यवस्था में पारदर्शिता स्थापित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को सूचना उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आरटीआई के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण अनिवार्य रूप से 30 दिनों की निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। किसी भी स्थिति में आधी-अधूरी, भ्रामक अथवा टालमटोलपूर्ण सूचना न दी जाए, बल्कि तथ्यपरक एवं बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराई जाए। राज्य सूचना आयुक्त ने प्रथम अपीलीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे प्राप्त अपीलों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए अपने स्तर पर ही उनका समयबद्ध एवं न्यायसंगत निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरणों को राज्य सूचना आयोग तक न जाना पड़े। उन्होंने सभी कार्यालयों में आरटीआई आवेदनों एवं अपीलों का तिथिवार एवं क्रमवार रजिस्टर संधारित करने के निर्देश भी दिए, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनी रहे।

बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम अर्चना ओझा, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित सभी नामित जनसूचना अधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी बेशकीमती वृक्षों एवं वन्य जीवों की बाहुल्यता के दृष्टिकोण से अति संवेदनशील है। तदनुसार इसकी सुरक्षा हेतु विशेषकर मानसून सत्र में बेहतर पेट्रोलिंग/मानीटरिंग एवं मानव वन्य जीव संघर्ष जैसी स्थितियों से निपटने एवं रेस्क्यू आपरेशन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यहां 25 राजकीय हांथी हैं, जिनकी देखरेक हेतु महावत, चाराकटर एवं अन्य कर्मचारी तैनात हैं।

राजकीय हांथी किसी बीमीरी से ग्रसित होने के चलते उनके संक्रमण के साथ कर्मचारियों में संक्रमण फैलने की संभावनाओं के दृष्टिगत राजकीय हांथियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी देखरेख कर रहे कार्मिकों की सुरक्षा के दृष्टि से उनका स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कराये जाने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी, लखीमपुर खीरी से आग्रह किया गया था। उनके स्तर से नामित चिकित्साधिकारी, प्रमोद रावत के नेतृत्व एवं अंकित दीक्षित के साथ चिकित्सकीय टीम द्वारा कार्मिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, विशेषकर टी0बी0 जैसी संवेदनशील बीमारियों के लक्षण एवं अन्य आवश्यक बीमारियों का परीक्षण किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर, जगदीश आर0 उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के निर्देशन में महावीर सिंह, वन्य जीव प्रतिपालक, दुधवा एवं दीपक कुमार पाण्डेय, उप प्रभागीय वनाधिकारी, बेलरायां, पशु चिकित्सक, डॉ0 मोहम्मद तलहा, फार्मासिस्ट, संदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी की उपस्थिति में आयोजित कराया गया। परीक्षण के दौरान दक्षिण सोनारीपुर रेंज के साथ-साथ बेलरायां एवं पर्यटन रेंज का राजकीय हांथियों से संबंधित स्टाफ उपस्थित रहा।

## पत्नी की गला घोंटकर हत्या के मामले में पति गिरफ्तार

शामली। जिले में शनिवार को पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या की। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब पति ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को एक युवक के साथ अपने घर के अंदर देखा। मृतका की पहचान 35 वर्षीय इशरत के रूप में हुई है, जो आरोपी आस मोहम्मद की पत्नी थी। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, इशरत ने कुछ वर्ष पहले आस मोहम्मद के साथ प्रेम विवाह किया था।

# सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत



लखीमपुर/मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में मोहम्मदी पसगवां हाईवे पर गांव कंधरापुर के पास समाधान थाना दिवस में सम्मिलित होने जा रहे सीओ के सरकारी वाहन में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार से टकरा जाने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए सीओ ने कार्यक्रम छोड़कर घायलों को जानकी एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान चालक को मृत घोषित कर दिया और सवार की हालत गंभीर होने पर चलते जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया था अस्पताल पहुंचते ही उसने भी दम तोड़ दिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार 12 बजे करीब राम औतार 37 वर्षीय अपनी ससुराल रैगांवा थाना पिहानी जिला हरदोई से बाइक पर मामा जय जय राम 60 वर्षीय को पीछे बैठाकर अपने पैतृक गांव अनावां थाना पुवांया जाने को घर से निकले थे रास्ते में मोहम्मदी पसगवां हाईवे पर गांव कंधरापुर के पास पहुंचते ही मोहम्मदी से सीओ सरकारी गाड़ी से पसगवां थाना दिवस में सम्मिलित होने जा रहे थे सामने से आ रहे बाइक चालक ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी से टकरा गया जिससे सवार और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए सीओ ने कार्यक्रम रद्द कर आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए प्राइवेट जानकी एंबुलेंस से समाजसेवी शिवम राठौर ने मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टर ने जांच के दौरान रामऔतार को मृत घोषित कर दिया घायल जय जय राम को इलाज के लिए जिला अस्पताल शाहजहांपुर भेजा गया जहां उसने अस्पताल में भर्ती होते ही दम तोड़ दिया जिसका पोस्टमार्टम शाहजहांपुर में हो रहा है। मृतक राम औतार की पत्नी रेशमा का रो रो कर कहना है अपने बेटे अनुज की शादी कर चुकी है घर पर जवान बेटी नीतू बैठी है उसकी शादी और जीवन यापन के लिए संकट खड़ा हो गया है। जय जय राम की शादी हुई थी पत्नी छोड़कर चली गई वह अकेले ही रह रहे थे जो राम अवतार के रिश्ते में मामा लगते हैं।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया हादसे के समय बाइक बहुत तेज रफ्तार में थी सड़क पर धूल उड़ने के चलते बाइक चालक ने नियंत्रण खो दिया यह देखकर गाड़ी के चालक ने बाइक चालक को बचाने के प्रयास में गाड़ी कच्ची सड़क पर उतार दी जिससे वह पलटने से बाल बाल बच गई।

## डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभिभावकों की पुत्रियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने संबंधी शादी अनुदान स्वीकृति के लिए जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास खण्डों से प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभान्वित किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी विकास खण्डों पर लंबित आवेदन पत्रों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर प्रातः एवं सायंकाल विशेष कैम्पों का आयोजन किया जाए। इन कैम्पों में शादी अनुदान योजना के लाभार्थियों सामूहिक शादी अनुदानध्समस्त पेंशन हेतु जानकारी आवेदन स्वीकार करने के निर्देश दिये गये। साथ ही पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र मौके पर ही स्वीकार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्पों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। जिससे अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखते हुए पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवि शंकर गिरि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपात्रों से आवास खाली कराकर पात्र व्यक्तियों को ही आवांटित करें: डीएम



बिसवां नगर (सीतापुर)। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने नगर पालिका बिसवां स्थित काशीराम कॉलोनी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि 157 आवास है, जिसमें से 13 ब्लॉक है तथा 99 आवासों का आवंटन पूर्ण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 58 आवासों पर कब्जा हैं, कब्जेदारों पर नोटिस जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिसवां एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द आपात्रों से आवास खाली कराये जाएं तथा पात्र व्यक्तियों को ही आवास आवंटित किया जाए। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों की जांच सही से की जाये।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि आवासों में शुद्ध पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिससे यहां पर रहने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि आवासों में शुद्ध पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिससे यहां पर रहने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिसवां सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं समाधान दिवस पर समस्त अमर नगर मोहल्लावासियों द्वारा जर्जर एबीसी लाइन बदलवाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ले में लंबे समय से जर्जर तार, लगातार बिजली बाधित रहने की समस्या और हादसे की आशंका को लेकर जनता में भारी चिंता बनी हुई है। कई बार शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान न होने पर आज स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर अपनी बात प्रशासन के समक्ष रखी। ज्ञापन में अमर नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास खराब एवं जली हुई एबीसी लाइन से बच्चों, राहगीरों और स्थानीय निवासियों को हो रहे खतरे का विशेष उल्लेख किया गया। साथ ही बिजली विभाग में व्याप्त लापरवाही एवं भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई गई। सकारात्मक पहल करते हुए डीएम ने पूरे प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लिया तथा संबंधित अधिकारियों को उचित कार्यवाही कर जल्द से जल्द जर्जर तार बदलवाने का आश्वासन दिया।

संक्षेप

## प्रधान पति की हत्या के मामले में गवाह तलब

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार थाना क्षेत्र के महराजगंज में चार साल पहले प्रधान पति की हत्या के मामले में एडीजे प्रथम संध्या चैधरी ने गवाह सलाहुद्दीन को तलब किया है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि मामले में अगली सुनवाई 10 जून को होगी। महराजगंज की ग्राम प्रधान नफीसा बानों के पति मैनुद्दीन की 17 जून 2020 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता रमजान ने गांव के इकबाल उर्फ बालू, खुर्शीद आलम, गुलाम असगरी, हासिम, बिलाल अहमद, एकलाख अहमद, शकील अहमद, जाकिर हुसैन, रितेश राणा, रोहित तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## बैक पेपर परीक्षा 4 जून को : प्राचार्य

**इटावा।** के. के. कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के 22 मई के कार्यालय ज्ञाप द्वारा छत्रपति शाहू महाराज विवि कानपुर द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 से पूर्व लागू वार्षिक परीक्षा प्रणाली में अनिवार्य प्रश्नपत्र पर्यावरण अध्ययन में अनुत्तीर्ण रहे छात्र-छात्राओं को पुनः एक बार और अवसर देते हुए परीक्षा 4 जून को शाम 4 से 5 बजे के बीच विश्वविद्यालय कैंपस में मोड में आयोजित होने जा रही है। ऐसे सभी सम्बंधित छात्र-छात्राएं जिनका पर्यावरण अध्ययन परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहने के कारण परीक्षाफल रुका हुआ है वे 30 मई तक अपना परीक्षा फॉर्म पूरित कर भर अवश्य लें। परीक्षा के दिन 4 जून को निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर अपने साथ जमा शुल्क की रसीद एवं मूल पहचान पत्र आई डी प्रूफ अवश्य लेकर उपस्थित हों।

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 29 से

**इटावा।** पुरबिया टोला तलैया मैदान में नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। पुरबिया टोला युवा कुर्मि सेवा समिति, पुरबिया टोला के तत्वावधान में 29 मई से तलैया मैदान में नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विजेता टीम को 31000 तथा उपविजेता टीम को 15000 नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त कई अन्य आकर्षक पुरुस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। समिति द्वारा इस क्रिकेट टूनार्मेंट के संयोजक अमन पटेल को नियुक्त गया है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली इच्छुक टीम अपनी प्रविष्टि, शास्त्री चैराहा स्थित वर्मा स्पोर्ट्स, पक्का तालाब स्थित कैलाश कम्प्यूटर तथा पुरबिया टोला स्थित डिश गैलरी में जमा की जा सकती है। टूनार्मेंट में प्रतिभाग शुल्क 2500 रू. निर्धारित है। यह नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट दूधिया प्रकाश में खेला जाएगा।

## युवती ने खाया विषाक्त पदार्थ

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के गांव नगला अर्जुन में गृह क्लेश के चलते पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद 20 वर्षीय छाया पत्नी पवन कुमार ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर पति पवन कुमार ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर डॉ. वीरेंद्र सिंह ने उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है। चिकित्सकों के अनुसार युवती की हालत गंभीर बनी हुई है।

# अमन चैन के साथ सभी पर्व व त्योहारों को मनायें : डीएम

### विगत वर्षों की भांति आगामी पर्व पर भी प्रशासन व पुलिस का रहेगा सहयोग : एसपी



- **बकरीद को लेकर डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने कोतवाली रायबरेली में ईद-उल-अजहा (बकरीद) सहित आगामी पर्वों एवं त्योहारों के दृष्टिगत धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों तथा पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित धर्मगुरुओं एवं पीस कमेटी के सदस्यों से त्योहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कानून-व्यवस्था संबंधी सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विगत वर्षों की भांति ही आगामी पर्व पर भी प्रशासन व पुलिस का सहयोग रहेगा तथा किसी भी समस्या के समाधान के लिए पुलिस प्रशासन जिला प्रशासन के साथ उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि नमाज के लिए मस्जिदों व ईदगाहों के आस-पास समुचित सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि ड्रोन कैमरों की सहायता से निगरानी की जाएगी तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की सभी व्यवस्थाएं की जायेंगी।

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार संपन्न कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित विभिन्न संप्रदाय के धर्मगुरु व प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे।

## एबीवीपी ने कॉलेज में अव्यवस्थाओं को लेकर प्रदर्शन किया

**इटावा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्रों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे और नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। इस दौरान कॉलेज प्रशासन के खिलाफ छात्रों ने नाराजगी जताई और कॉलेज व हॉस्टल में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन को 10 सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज और हॉस्टल में छात्रों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग की गई। परिषद ने कहा कि लंबे समय से छात्र विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में छात्रों के लिए स्वच्छ पेयजल और वाटर कूलर की व्यवस्था कराने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही महीनों से गंदे पड़े बाथरूमों की नियमित सफाई और मरम्मत कराने की बात कही गई। हॉस्टल में वर्षों से खराब पड़ी लाइटों को दुरुस्त कराने और पूरे कॉलेज परिसर में प्रतिदिन साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। एबीवीपी कार्यकताओं ने कहा कि हॉस्टल भवन कई सालों से जर्जर स्थिति में हैं, जिनकी मरम्मत कराना जरूरी है। साथ ही वर्कशॉप और प्रयोगशालाओं के नवीनीकरण के साथ छात्रों के लिए प्रयोगात्मक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की गई।

## एक्सईएन हत्याकांड: तीन गवाहों को दोबारा तलब करने की अर्जी खारिज, बचाव पक्ष को लगा झटका

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के चर्चित मामले में कोर्ट ने मृतक के भाई संजय कुमार, ड्राइवर दीपक यादव व चश्मदीद संदीप कुमार को दोबारा गवाही के लिए तलब करने की बचाव पक्ष की अर्जी को खारिज कर दिया है। इससे बचाव पक्ष को बड़ा झटका लगा है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि एडीजे द्वितीय राकेश पांडेय ने बयान दर्ज करने के लिए आरोपितों को दो जून को कोर्ट में तलब किया है। 17 अगस्त 2024 को अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की शहर के विनोबापुरी मुहल्ले में किराए के मकान में हत्या कर दी गई थी। मामले में जल निगम के सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व एक अन्य आरोपित प्रदीप राम के खिलाफ अदालत में सुनवाई चल रही है। मामले में अभियोजन पक्ष की गवाही पूरी हो गई है।

## एनटीपीसी ऊंचाहार को सीएसआर व एचआर उत्कृष्टता फेम पुरस्कार से नवाजा गया



**रायबरेली।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना को चंडीगढ़ में आयोजित फेम नेशनल अवार्ड्स समारोह में दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ है। ऊंचाहार परियोजना के मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने समारोह में उक्त पुरस्कारों को प्राप्त किया। परियोजना को शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए ह्लबेस्ट सीएसआर प्रैक्टिसेजह्व श्रेणी में डायमंड अवार्ड से सम्मानित किया गया। एनटीपीसी ऊंचाहार अपनी विभिन्न सीएसआर पहलों के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। इसके साथ ही परियोजना को कर्मचारी हितैषी नीतियों, बेहतर कार्य संस्कृति, कौशल विकास एवं कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट एचआर प्रैक्टिसेज श्रेणी में प्लेटिनम अवार्ड भी प्रदान किया गया। ऊंचाहार परियोजना के प्रमुख बिस्व मोहन सिंह ने इन पुरस्कारों के हासिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की ये सम्मान एनटीपीसी ऊंचाहार के कर्मचारियों एवं प्रबंधन की मेहनत, समर्पण तथा सामूहिक प्रयासों का प्रतिफल हैं।

# हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विद्युत समस्या को तत्काल हल को लेकर बाबत सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता (vol)



**लालगंज, रायबरेली।** जनता के दुख दर्द और उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए सदैव अग्रसर रहने वाले हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने लखनऊ विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंचकर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने के बाबत प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौपा है।

लखनऊ स्थित मुख्यालय में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल से भेंट कर 182 सरेनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले समस्त बिजलीघरों से संबंधित बिजली कटौती एवं जर्जर आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की और सभी समस्याओं के अविलंब ठीक कराए जाने की भी मांग की। हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि मुलाकात के मुख्य बिंदु एवं चर्चा अघोषित बिजली कटौती का मुद्दे पर केंद्रित रही। क्षेत्र में की जा रही अघोषित बिजली कटौती और रोस्टर में हो रही भारी अनियमितताओं से प्रबंध निदेशक को अवगत कराया गया। भीषण गर्मी और उमस के इस मौसम में बिजली न होने से आम जनता, किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही भीषण समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बिजली घरों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बिना किसी विलंब के तत्काल ठीक करने और क्षेत्रवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की गई। प्रबंध निदेशक ने सरेनी क्षेत्र की विद्युत संबंधी समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरेनी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी पावर हाउसों की समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण कर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य एवं सुचारु कर दिया जाएगा।


# एनएसजीआई जूनियर विंग के छात्रों ने वाटर पार्क में .उठाया लुत्फ



**रायबरेली।** एनएसजीआई जूनियर विंग के विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मावकाश के प्रथम दिन रोमांचक एवं मनोरंजक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने आनंदी मैजिक वर्ल्ड वाटर पार्क में पूरे उत्साह और उमंग के साथ दिनभर विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया। इस दौरान बच्चों ने वाटर स्लाइड्स, वेव पूल, रेन डांस, स्विमिंग जोन तथा अन्य मनोरंजक राइड्स का लुत्फ उठाया। भीषण गर्मी के बीच वाटर पार्क की गतिविधियों ने बच्चों को राहत के साथ-साथ यादगार अनुभव प्रदान किये। समर कैम्प में एनएसपीएस की सभी शाखाओं के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को समूह में रहकर गतिविधियों का आनंद लेने तथा आपसी सहयोग एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि इस प्रकार की सह शैक्षिक गतिविधियां बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सामूहिक सहभागिता और सकारात्मक ऊर्जा का विकास करते हैं। इस अवसर पर फैजान खान, मंजरी श्रीवास्तव, राममिलन, भावना, शिवम, शैलेश, सुभी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने फूंका राहुल गाधी का पुतला



**रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी के नेतृत्व में सुपर मार्केट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को गद्दार कहे जाने से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ता व आम जनमानस ने राहुल गांधी का पुतला दहनकर जमकर नारेबाजी की। इस बयान बाजी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुये भाजपा नेताओं ने इसे प्रधानमंत्री और देश के 140 करोड़ जनता का अपमान करार दिया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र दाढ़ी, देवेन्द्र सिंह, शरद सिंह, जन्मजय सिंह, विजय सिंह, रविन्द सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश पांडे , नरेन्द्र सिंह, अनुज मौर्य, तिलक सिंह, अभिषेक वर्मा, राज कुमार सिंह, रवि चैधरी, रेनू सिंह, अनुष्ठान सिंह, वीरेन्द्र सिंह, एस सुधीर गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, वीरू सिंह, मनीष, नीरज सिंह, शशिकांत शर्मा, सोनू सिंह, अंशुमान, आदर्श, राजा, वीरेंद्र गौतम, रामसुमेर लोधी, अनुपम सहित जिला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला मौजूद रहे।

## ताइक्वांडो में कुशाग्र राव ने जीता गोल्ड, सम्मानित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के होनहार खिलाड़ी कुशाग्र राव ने सीआईएससीई जोनल गेम्स एंड स्पोर्ट्स 2026 की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का गौरव बढ़ाया है। कुशाग्र ने अंडर-14 वर्ग (35-38 किलोग्राम) में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 मई तक लखनऊ पब्लिक कॉलेज, राजाजीपुरम में हुआ था। अमीना ताइक्वांडो अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कुशाग्र की इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कुशाग्र को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिले की युवा प्रतिभाएं खेलों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर सुलतानपुर का नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षिका अमीना बानो के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की भी सराहना की गई। अकादमी पदाधिकारियों ने कुशाग्र राव एवं उनके परिवार को बधाई देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर सफलता की कामना की।

# चौराहे पर वाटर कूलर लगवाने को विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रायबरेली।** भीषण गर्मी के चलते आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल, डीह इकाई के अध्यक्ष पवन अग्रहरि के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक अशोक कोरी को ज्ञापन सौंपकर सुंदरगंज चैराहे पर सार्वजनिक वाटर कूलर लगाए जाने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि लगातार बढ़ते तापमान के कारण राहगीरों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सुंदरगंज चैराहा क्षेत्र का प्रमुख सार्वजनिक स्थल होने के बावजूद यहां पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन अग्रहरि ने कहा कि ह्लभीषण गर्मी में लोगों को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सुंदरगंज चैराहे पर सार्वजनिक वाटर



कूलर लगने से हजारों राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। व्यापार मंडल जनहित के मुद्दों को लेकर हमेशा सक्रिय रहेगा। विधायक अशोक कोरी ने व्यापार मंडल की मांग को जनहित से जुड़ा बताते हुए कहा कि ह्लक्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। सुंदरगंज चैराहे पर वाटर कूलर स्थापित कराने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि लोगों को गर्मी में राहत मिल सके। इस दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों ने भी मांग का समर्थन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिव प्यारे अग्रहरि, सत्यम अग्रहरि, हरिओम अग्रहरि, अंकित अग्रहरि, नंद कुमार पाल, अजय रावत, रमेश यादव, सौरभ अग्रहरि, उमेश सोनी, आदर्श, आदित्य, चंचल, सचिन, धनीराम, दीपक सोनी एवं सूरज अग्रहरि सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## छतोह के भाजपा मंडल मंत्री की माता का निधन

**परशदेपुर, रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के भाजपा मंडल मंत्री अभय तिवारी की माता सुशीला देवी 68 वर्ष का लम्बी बीमारी के चलते शनिवार को निधन हो गया। भाजपा मंडल मंत्री की माता की निधन की खबर क्षेत्र में लगते ही शोक की लहर दौड़ गयी।

भाजपा कार्यकताओं सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के जमावड़ा लग गया। छतोह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, प्रधान रमाकांत तिवारी, प्रधान देवेश सिंह, अभिषेक प्रताप सिंह, गौरव श्रीवास्तव, आशीष सिंह, शिवेन्द्र सिंह, प्रधान अमित श्रीवास्तव सहित आदि लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

# कटका क्लब के आयोजन में गूंजा साहित्य का स्वर



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका क्लब सामाजिक संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्रा विनम्र के जन्मदिवस के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा, समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 51 प्रतिभाओं को कुशभवनपुर रत्न 2026 सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मां कामाख्या धाम पीठाधीश्वर एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक इंद्रेश कौशिक रहे, जबकि अध्यक्षता आशुकवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने की। कवि सम्मेलन की शुरूआत कवि नरेंद्र शुक्ल नरेंद्र की वाणी वंदना से हुई। कवि रोहित राय की श्रृंगार रस की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कवि नरेंद्र शुक्ल, कवयित्री कान्ति सिंह, हरिनाथ शुक्ल हरि और सर्वेश कांत वर्मा सरल की कविताओं पर सभागार तालियों से गूंज उठा। आशुकवि जटायु की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पंक्तियों ने खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम में धनपतगंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि त्रिनेत्र पांडेय, डॉ ऋषभ देव शुक्ला, लालमणि दूबे अभिजीत त्रिपाठी समेत कई साहित्यकार, शिक्षाविद और समाजसेवी मौजूद रहे। संचालन हरिनाथ शुक्ल हरि ने किया, जबकि अंत में डॉ. सौरभ मिश्रा विनम्र ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एआई से अश्लील फोटो वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग, एसपी से गुहार पर केस दर्ज

**सुलतानपुर (वीओएल)।** एआई तकनीक के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। कोतवाली नगर क्षेत्र के निवासी एक युवक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। युवक का आरोप है कि आरोपी ने उनकी पत्नी की तस्वीरों का दुरुपयोग कर एआई तकनीक से अश्लील फोटो और वीडियो तैयार किए और उन्हें मोबाइल पर भेजकर ब्लैकमेल करने की कोशिश की। आरोपी इंस्टाग्राम आईडी का इस्तेमाल कर अश्लील वीडियो उनके मोबाइल नंबरों पर भेजे। जिससे परिवार की सामाजिक छवि खराब हो रही है और पूरा परिवार मानसिक तनाव में है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एस पी साइबर थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने, संबंधित इंस्टाग्राम आईडी को ब्लॉक कराने, आरोपी की आईपी डिटेल जुटाने और सहयोग पोर्टल के माध्यम से जांच आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश लगी है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि एआई तकनीक का गलत इस्तेमाल कर इस तरह की साइबर ब्लैकमेलिंग तेजी से बढ़ रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर निजी तस्वीरें साझा करते समय सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत शिकायत करें।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से युवाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा प्रशिक्षण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जुलाई 2026 के प्रथम सप्ताह से निःशुल्क ऑफलाइन एवं ऑनलाइन कोचिंग कक्षाएं शुरू की जाएंगी। योजना के माध्यम से यूपीएससी, यूपीपीएससी, एसएससी, एनडीए, सीडीएस, जेईई और नीट जैसी प्रमुख परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। जिला समाज कल्याण विभाग के अनुसार अब तक 186 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जो अभ्यर्थी अभी आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे 5 जून 2026 तक अभ्युदय कार्यालय राणा प्रताप पीजी कॉलेज, सुलतानपुर अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन में आवेदन जमा कर सकते हैं। विकासखंड स्तर पर भी ग्राम विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। योजना के तहत विज्ञान वर्ग के 12वीं के छात्र जेईई, नीट और एनडीए प्रशिक्षण के लिए पात्र होंगे, जबकि स्नातक अंतिम वर्ष अथवा उत्तीर्ण छात्र यूपीएससी, यूपीपीएससी और सीडीएस प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकेंगे। एसएससी प्रशिक्षण हेतु 12वीं में अध्ययनरत या उत्तीर्ण छात्र पात्र होंगे। विभाग ने अभ्यर्थियों से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## हाईवे किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला अधेड़ का शव, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सुलतानपुर (वीओएल)।** लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही चांदा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना चांदा कोतवाली क्षेत्र के कालिकागंज चैराहे के पास बैतीकला गांव के समीप की है। स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे शव पड़े होने की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और कबाड़ बीनकर जीवन यापन करता था। हालांकि उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि शव पर किसी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य एकत्र किए गए। क्षेत्राधिकारी ऋतिक कपूर ने बताया कि पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रधानमंत्री के आह्वान पर साइकिल से कोर्ट पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पांडेय



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और वैश्विक संकट के बीच ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जिले के वरिष्ठ फौजदारी अधिवक्ता संतोष पांडेय शनिवार को अपने सुरक्षा कर्मी व सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ साइकिल से दीवानी न्यायालय पहुंचे। उनकी इस पहल को अधिवक्ता समुदाय और आम लोगों ने सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इस वैश्विक संकट के समय में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए संकल्प लिया है कि पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए सप्ताह में एक दिन वे न्यायालय कार के बजाय साइकिल से सफर करेंगे। उन्होंने कहा कि साइकिल का प्रयोग केवल ईंधन बचत का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में भी एक सकारात्मक कदम है। इस समय देश डीजल-पेट्रोल की कमी से जूझ रहा है। उन्होंने देश हित में जनपद वासियों से ईंधन की बचत करने की अपील की है। उनके साथ अधिवक्ता सवितोष पांडेय, शरद विक्रम चतुर्वेदी, अनुपम द्विवेदी, परितोष पांडेय, चंदन तिवारी, अमित पांडेय, पवन मौर्य, ओम नरायन शुक्ल, अमित ओझा ने भी साइकिल से यात्रा की।

संक्षेप

## साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने वापस कराया 3.70 लाख

अयोध्या। जनपद की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर लाखों की साइबर ठगी के एक मामले में पीड़ित के खाते में तीन लाख 70 हजार रुपए की रकम वापस कराई है। शनिवार को साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक मो अरशद ने बताया कि पुलिस में गत वर्ष धोखाधड़ी कर साइबर ठगी का एक मामला दर्ज कराया गया था। आरोप यह भी था कि ठगी का खुलासा होने पर रकम वापस मांगने पर पीड़ित के साथ अभद्रता की गई और जान दे मारने की धमकी दी गई। दर्ज मामले की विवेचना के दौरान साइबर धोखाधड़ी कर विभिन्न खातों में ट्रांसफर किये गये रकम की पड़ताल की गई और संबंधित बैंक खातों में उपलब्ध तीन लाख 70 हजार रुपए की धनराशि को लीन/होल्ड/फ्रीज कराया गया। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करवा अदालत कर आदेश पर होल्ड कराई गई रकम को पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया गया है।

# एडीएम प्रशासन ने समस्याओं के त्वरित और नियमानुसार निस्तारण का दिया आश्वासन

जिला संवाददाता

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जिला सैनिक बंधु की बैठक शनिवार को नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट देवरिया में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने किया।

- सैनिक बंधु की बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुई सुनवाई

बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा विधिसम्मत हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों एवं उनके अनुपालन की भी विस्तार से समीक्षा की बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों की समस्याएं सुनी गईं। इस अवसर पर लगभग 35 पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित उपस्थित रहे। पूर्व सैनिकों द्वारा कुल नौ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें भूमि विवाद, मुख्य सड़क से संपर्क मार्ग दिलाने, शस्त्र लाइसेंस, चकरोड की पैमाइश एवं अतिक्रमण हटवाने, अवैध कब्जे से मुक्ति दिलाने, गड्ढों की सफाई तथा नाली सुधार से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से प्रकरणों की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए तथा कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं आश्रितों को दी अंत में कर्नल (डॉ.) सुधाकर त्यागी ने अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सहित उपस्थित अधिकारियों एवं विभागीय प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आरोपियों पर इनाम घोषित

अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए रौनाही थाना पुलिस में दर्ज दो मामलों के फरार आरोपियों पर इनाम घोषित किया है। दोनों पर दस दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

शुक्रवार को पुलिस कार्यालय ने बताया कि गत वर्ष पुलिस की ओर से दर्ज कराए गए ।

## लीची तोड़ने के विवाद में मारपीट, हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**देवरिया।** जिले के भलुअनी थाना क्षेत्र में लीची तोड़ने के विवाद में हुई मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी मस्टोडरगिरी मठिया गांव के मोड़ के पास से की गई। पुलिस के अनुसार, 20 मई को मस्टोडरगिरी मठिया निवासी धीरज सिंह ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव के कुछ लोग उनके लीची के पेड़ से फल तोड़ रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके माता-पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने शुक्रवार को नामजद आरोपी ब्रह्मा सिंह (60) निवासी मस्टोडरगिरी मठिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फसलों के नुकसान की सूचना दें किसान

**देवरिया ।** जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के उद्यान विभाग से संबंधित सभी कृषकों को सूचित किया है कि हाल ही में आए आंधी-तूफान से औद्यानिक फसलों एवं बागों को हुए नुकसान की सूचना जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, भुजौली कॉलोनी, देवरिया में उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों की उद्यान फसलों अथवा बागों में 33 प्रतिशत या उससे अधिक क्षति हुई है, वे तत्काल विभाग को इसकी सूचना दें, ताकि समयबद्ध सर्वेक्षण कर आवश्यक अग्रिम कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। यदि किसी बाग में समूह के रूप में पेड़ गिर गए हों अथवा कुल पौधों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक नुकसान हुआ हो, तो संबंधित कृषक क्षति की सूचना फोटो सहित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में जमा करें प्राप्त सूचनाओं के आधार पर विभागीय टीम द्वारा स्थलीय सर्वेक्षण कराया जाएगा तथा शासन की मंशानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। किसानों से अपील की गई है कि वे क्षति से संबंधित जानकारी एवं फोटोग्राफ यथाशीघ्र कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि प्रभावित कृषकों को राहत एवं सहायता दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। जिला उद्यान अधिकारी ने कहा कि किसानों के हितों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा विभाग पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रभावित कृषकों के सहयोग के लिए तत्पर है।

## उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में पौधों की नीलामी 26 मई को*

**देवरिया ।** उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, देवरिया के पत्र के क्रम में कृषि भवन, देवरिया की बाउंड्रीवाल से सटे बड़हल एवं सेमर के वृक्षों का मूल्यांकन कर उनकी नीलामी कराए जाने की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि निर्धारित नियम एवं शर्तों के अधीन उक्त वृक्षों की नीलामी दिनांक 26 मई 2026 को अपराह्न 12:00 बजे कार्यालय उप कृषि निदेशक, कृषि भवन, देवरिया परिसर में संपन्न कराई जाएगी इच्छुक व्यक्ति नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्तों तथा वृक्षों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उप कृषि निदेशक, देवरिया में किया जा सकता है।

## भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता परेशान, 2027 में होगा बड़ा बदलावः हसमुद्दीन अंसारी

जिला संवाददाता



कुशीनगर। समाजवादी नेता, फाजिलनगर विधानसभा 332, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फाजिलनगर हसमुद्दीन अंसारी ने भाजपा की प्रदेश एवं केंद्र की डबल इंजन सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियां अब पूरी तरह

- भाजपा की नीतियों को करारा जवाब देते हुए समाजवादी सरकार बनाने का काम करेगी

जनता के सामने उजागर हो चुकी हैं। महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं से आमजन त्रस्त है तथा जनता का विश्वास भाजपा से लगातार कम होता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में प्रदेश की जनता बड़ा बदलाव करेगी और भाजपा की नीतियों को करारा जवाब देते हुए समाजवादी सरकार बनाने का काम करेगी।

श्री अंसारी ने लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को रख रहे अधिवक्ताओं पर बल प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी बात रखने का अधिकार सभी को प्राप्त है, लेकिन सरकार विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारी सभी महंगाई की मार झेल रहे हैं। सरकार को तत्काल बढ़ी हुई कीमतें वापस लेकर जनता को राहत प्रदान करनी चाहिए। श्री अंसारी ने कहा कि चुनावों के दौरान रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के जो बड़े-बड़े वादे किए गए थे, वे आज केवल घोषणाओं तक सीमित होकर रह गए हैं। जनता के मूलभूत मुद्दों पर भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है।

पहले से ही लोग अपनी रोजमर्रा की जरूरतों और आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं, ऐसे में सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने के लिए गंभीर कदम उठाने चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि किसान, मजदूर, नौजवान, व्यापारी सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को उनका संवैधानिक अधिकार और न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में लगातार संघर्ष कर रही है। समाजवादी पार्टी जनता की आवाज बनकर उनके हक और अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ती रहेगी।

# महोबा में कांग्रेस नेता अजय राय समेत 30 लोगों पर केस दर्ज

जिला संवाददाता

**महोबा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय और पार्टी के पूर्व सचिव बृजराज अहिरवार समेत 25 से 30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ महोबा कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक अजय राय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने और बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित कर रास्ता जाम करने का आरोप है। राय शुक्रवार को महोबा दौरे पर गए थे।पुलिस के अनुसार, अधिवक्ता नीरज रावत की शिकायत पर अजय राय और अन्य आरोपियों के खिलाफ शनिवार तड़के भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2) (अवरोध पैदा करना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान), 196(1) (धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) 189 (2) (गैर कानूनी सभा) और 132 (लोकसेवक को उसके कर्तव्य में बाधा डालना) के तहत यह मामला दर्ज किया गया है।दर्ज प्राथमिकी में आरोप है कि शुक्रवार को अहिरवार ने अपने समर्थकों के साथ समद नगर में बिना प्रशासनिक अनुमति के कार्यक्रम आयोजित किया और अजय राय को आमंत्रित किया। अजय राय 15-16 वाहनों के काफिले और 25 से 30 समर्थकों के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। वाहनों को अस्त-व्यस्त तरीके से खड़ा करने से आम रास्ता अवरुद्ध हो गया। शिकायत में कहा गया है कि आवागमन सुचारू रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को अपना कार्य छोड़कर मौके पर पहुंचना पड़ा, जिससे सरकारी दायित्वों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न हुई।रावत ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी की और अपशब्द कहे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। आरोप है कि इस वीडियो से समाज में जातिगत विद्वेष और आमजन में आक्रोश फैला है। भाजपा कार्यकर्ता भी आक्रोशित हैं और आमजन की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

शुक्रवार को मामला सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ विरोध का प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं ने राय के बयान की निंदा की।

## ट्रैफिक पुलिस का अभियान, 37 वाहनों का चालान



**देवरिया।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने शुक्रवार को शहर के प्रमुख चौराहों और बस स्टैंड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 37 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि कई वाहनों को सीज करने की कार्रवाई भी की गई।यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रुद्रपुर मोड़, बस स्टैंड, कचहरी चौराहा और कसया ओवरब्रिज पर अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना फिटनेस, बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने वालों को भी नहीं बख्शा गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क हादसों को रोकना है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## बढ़ती महंगाई पर सयुस का हमला, कहा- जनता की जेब काट रही सरकार

देवरिया। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के बढ़ते दामों को लेकर समाजवादी युवजन सभा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। शनिवार को दीवानी कचहरी रोड स्थित सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में कार्यकताओं ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को महंगाई की आग में झोंक दिया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 दिनों में तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी कर आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें कम होने के बावजूद पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं, जिससे किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। आने वाले दिनों में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ने की आशंका है। रणवीर यादव ने आरोप लगाया कि सरकार रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के मुद्दों से ध्यान हटाकर अन्य विषयों पर राजनीति कर रही है। बैठक में सूरज कुशवाहा, शिवनाथ यादव, अमरनाथ, अभयशंकर, रामबृक्ष राजभर, अनिल, इमरान लारी, देवेश, विजय यादव, पवन मिश्रा, नीरज विश्वकर्मा, वसिष्ठ यादव समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 25 मई से 10 जून तक होगा निःशुल्क राशन वितरण : जिला पूर्ति अधिकारी

जिला संवाददाता

कुशीनगर। खाद्य आयुक्त, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा जारी निदेशों के अनुपालन में जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जून, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 25 मई 2026 से 10 जून 2026 तक कराया जायेगा।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वितरण से पूर्व उचित दर दुकानों पर उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारियों के माध्यम से संबंधित उपजिलाधिकारियों द्वारा कराया जायेगा।

साथ ही नोडल एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी अपनी देखरेख में पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से वितरण कार्य सम्पन्न करायेंगे।

उन्होंने बताया कि अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 10 किग्रा गेहूँ एवं 25 किग्रा फोर्टिफाइड चावल, कुल 35 किग्रा खाद्यान्न निःशुल्क वितरित किया जायेगा। वहीं पात्र गृहस्थी राशन कार्डों से सम्बद्ध प्रति यूनिट पर 01 किग्रा गेहूँ एवं 04 किग्रा फोर्टिफाइड चावल, कुल 05 किग्रा खाद्यान्न निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्यान्न वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जिन उपभोक्ताओं का आधार प्रमाणीकरण किसी कारणवश नहीं हो सकेगा, उन्हें वितरण की अंतिम तिथि 10 जून 2026 को मोबाइल ओ०टी०पी० सत्यापन के माध्यम से निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित अवधि में अपनी दुकानें प्रतिदिन प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक खोलकर खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करें।

## भंते नन्द रतन ने दलाई लामा को भिक्षु ज्ञानेश्वर जयंती समारोह में आने का दिया निमंत्रण



जिला संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा से कुशीनगर भिक्षु संघ के सचिव भंते डॉ. नन्द रतन थेरो तथा तिब्बती मंदिर के भंते कंचुक लामा टैंगक्योंग ने भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर सम्मान प्रकट किया।भिक्षु संघ के मंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान, लखनऊ, भंते डॉ. नन्द रतन ने दलाई लामा को कुशीनगर आगमन का औपचारिक निमंत्रण दिया। शनिवार को श्रीलंका बुद्ध विहार में आयोजित बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि कुशीनगर भिक्षु संघ के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत भदंत ज्ञानेश्वर की जयंती के अवसर पर 10 नवंबर 2026 को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया गया है। मुलाकात के दौरान दलाई लामा ने दोनों भंतेगणों को तिब्बती परंपरा के अनुसार ह्यखाताह्न पहनाकर सम्मानित किया तथा अपना आशीर्वाद प्रदान किया। यह भेंट वार्ता सौहार्दपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुई।

## गर्मी व लू के कारण जनगणना कार्य टालने की मांग

अयोध्या। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद जनपद अयोध्या के जिलाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के बीच शिक्षकों से कराई जा रही जनगणना को टालने की मांग की है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि मई - जून के महीने में भीषण गर्मी होती है और ऐसे में शिक्षकों का घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करना उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। क्यों कि वर्तमान समय में मौसम प्रतिकूल है।मौसम विभाग द्वारा भी वर्तमान समय में नौतपा के चलते भीषण गर्मी और लू के प्रकोप में प्रदेशवासियों को बाहर निकलने से मना किया गया है। ऐसे समय में शिक्षकों से घर-घर जाकर जनगणना करवाना उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना है। उन्होंने मांग की है कि वर्तमान समय में जनगणना का यह कार्य कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया जाए।

## निःशुल्क हृदय जांच शिविर में उमड़ी भीड़, 450 मरीजों का परीक्षण



**देवरिया।** आरोग्य भारती और मां तिरुपति हार्ट केयर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को भटवालिया टैक्सी स्टैंड के पास निःशुल्क हृदय स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 450 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

पूर्वांचल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय मिश्र ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क परामर्श दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, सीबीसी, लिपिड प्रोफाइल, ईसीजी और इको समेत विभिन्न जांचें निःशुल्क की गईं।

डॉ. धनंजय मिश्र ने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। वहीं आरोग्य भारती के प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि ऋतु के अनुसार दिनचर्या और खानपान अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार ने किया। इस दौरान अंजली दुबे, गरिमा तिवारी, श्वेता तिवारी, अनंत प्रकाश वर्मा, दिनेश तिवारी, अमरनाथ पांडेय, अभिषेक पांडेय, मुन्ना मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्लैक्सी से मन्नत और फिर मुन्ना पाली तक तबरेज का खेल

## ग्लैक्सी बंद हुआ तो खुल गया मन्नत, मन्नत पर सवाल उठे तो बन गया मुन्ना पाली क्लीनिक

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** जिले में स्वास्थ्य विभाग की सुस्ती और कथित संरक्षण के दम पर अवैध अस्पतालों का ऐसा नेटवर्क खड़ा हो चुका है, जहां इलाज कम और जिंदगी से खिलवाड़ ज्यादा हो रहा है। खिरकिया स्थित मुन्ना पाली क्लिनिक का मामला सामने आने के

- स्वास्थ्य विभाग के संरक्षण में मौत का कारोबार
- नाम बदलता रहा तबरेज, मौत बांटते रहे अस्पताल

बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर बिना मानक, बिना विशेषज्ञ डॉक्टर और बिना वैध अनुमति के अस्पताल आखिर किसके आशीर्वाद से चल रहे हैं? बेहतर इलाज का सपना दिखाकर लोगों की जान जोखिम में डालने वाले मुन्ना पाली क्लिनिक पर प्रशासन ने तब कार्रवाई की, जब एक प्रसूता जिंदगी और मौत के बीच झूलने लगी। पीड़ित परिवार के हंगामे के बाद तहसीलदार और एमवाईसी मौके पर पहुंचे, जहां



एलोपैथिक पद्धति में अवैध रूप से संचालित अस्पताल की कई खामियां उजागर हुईं। जांच के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया।लेकिन यह कोई पहला मामला नहीं है। मुन्ना पाली क्लिनिक के संचालक तबरेज आलम पर आरोप है कि वह अवैध अस्पताल संचालन का पुराना खिलाड़ी है। जब किसी अस्पताल में इलाज के नाम पर मौत का मामला सामने आता है तो वह अस्पताल का नाम और ठिकाना बदल देता है, लेकिन ह्लकारोबारह्न बंद नहीं होता। ग्लैक्सी, मन्नत और अब मुन्ना पाली क्लिनिक—नाम बदलते गए, लेकिन आरोप वही रहे।

सूत्रों के मुताबिक इससे पहले तबरेज खिरकिया-बांसी मार्ग पर मुख्य सड़क किनारे बेसमेंट में ह्लमन्नत हॉस्पिटलह्न के नाम से अस्पताल चला रहा था। दिसंबर 2024 में सोहरौना गांव निवासी मुन्ना मंसूरी अपनी प्रसव पीड़ा से जूझ रही पत्नी को वहां लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही हुई और नवजात की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक अस्पताल प्रबंधन ने नवजात की मौत को ह्लकुदरत का खेलह्न बताकर मामला शांत कराने की कोशिश की। लेकिन त्रासदी यहीं नहीं रुकी। तीन दिन बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल संचालकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां महिला ने भी दम तोड़ दिया। जच्चा-बच्चा दोनों की मौत से भड़के परिजन शव लेकर मन्नत हॉस्पिटल पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार परिजनों के गुस्से को देखते हुए अस्पताल संचालक ने बिचौलियों के जरिए मामला ह्लमैनेजह्न करने की कोशिश की और फिर अस्पताल पर ताला जड़ स्टाफ समेत फरार हो गया।बताया जाता है कि इससे पहले पडरौना-खिरकिया मार्ग पर ह्लग्लैक्सी हॉस्पिटलह्न के नाम से भी तबरेज का अस्पताल संचालित होता था। स्थानीय लोगों का दावा है कि वहां भी एक प्रसूता की मौत के बाद अस्पताल बंद कर दिया गया था। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बार-बार नाम बदलकर अस्पताल चलाने वाले इस नेटवर्क पर स्वास्थ्य विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ी? अगर समय रहते कार्रवाई हुई होती तो शायद कई परिवार उजड़ने से बच जाते।

अब मुन्ना पाली क्लिनिक सील होने के बाद लोग यह पूछ रहे हैं कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ दिखावा बनकर रह जाएगी या फिर अवैध अस्पतालों के इस पूरे नेटवर्क पर भी शिकंजा कसेगा?

## ललितपुर में टीबी उन्मूलन अभियान तेज



ललितपुर। जिले में टीबी उन्मूलन के उद्देश्य से चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को कार्यालय सभागार में आयुष चिकित्सकों की टीबी संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला एचएलएफपीपीटी संस्था लखनऊ के सहयोग से संपन्न हुई। सीएमओ के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें जिला क्षयरोग अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने उपस्थित आयुष चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी रोग की पहचान, जांच एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डा.सोनी ने बताया कि 24 मार्च 2026 से जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली आबादी की विशेष स्क्रीनिंग की जा रही है। इसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति, कुपोषित लोग, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोग, डायबिटीज एवं एचआईवी से ग्रसित मरीज तथा धूम्रपान और शराब सेवन करने वाले लोगों को प्राथमिकता से शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि स्क्रीनिंग के बाद जरूरतमंद मरीजों के लिए एक्स-रे जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था भी की गई है। कार्यशाला में टीबी के प्रमुख लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया गया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, लगातार वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ होना, रात में अत्यधिक पसीना आना, थकान महसूस होना, बलगम में खून आना तथा लगातार बलगम वाली खांसी टीबी के संभावित संकेत हो सकते हैं। डा.आर.एन. सोनी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच कराएं। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सरकारी चिकित्सालयों में टीबी की जांच एवं उपचार पूरी तरह निरूशुल्क उपलब्ध है। कार्यशाला में आयुष चिकित्सकों से भी अपील की गई कि यदि किसी मरीज में टीबी के लक्षण दिखाई दें तो बिना देरी किए उसे सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच के लिए रेफर करें, ताकि समय रहते उपचार शुरू किया जा सके और टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को सफल बनाया जा सके।

## फूल तोड़ने गई महिला की करंट लगने से मौत

**देवरिया।** गौरी बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार सुबह फूल तोड़ने गई महिला की बिजली के हाईटेंशन तार से करंट लगने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, सान्डा गांव के परसिया टोला निवासी मैना देवी (45) रोज की तरह सुबह घर से कुछ दूरी पर फूल तोड़ने गई थीं।उसने बताया कि जब वह घर लौट रही थी अचानक बिजली की हाईटेंशन टूटकर उनके ऊपर गिर गई और करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

## हाईवे पर हादसों में दो की मौत

अयोध्या। जनपद से गुजरने वाले रायबरेली और लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए अलग अलग हादसों में दो की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन के मेमो पर पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया कि ओम प्रकाश यादव उम्र 23 वर्ष निवासी शाहगंज बाजार थाना इनायतनगर शुक्रवार की देर रात शहर से अपने गांव जा रहा था। रायबरेली हाईवे पर कैंट थाना क्षेत्र में बाला सराय पेट्रोल पंप के पास किसी वाहन ने उसको टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसी के थाना क्षेत्र के सोहवल सलोनी निवासी दुर्गा प्रसाद शुक्ल ने मध्य रात्रि बाद उसको गंभीर हाल में जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। उधर लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र स्थित वसहा चैराहा के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने कार का पीछा किया तो चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। मृतक की पहचान थाना खंडासा क्षेत्र के बकौली निवासी जगन्नाथ 35 वर्ष पुत्र नान्हू के रूप में हुई है।

संक्षेप

## पीस कमेटी की बैठक आज

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में यह बैठक 24 मई, 2026 (रविवार) को सायं 05:30 बजे आयोजित की जाएगी, जिसमें जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के माध्यम से पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था, आपसी सौहार्द, साफ-सफाई, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी, ताकि त्योहार को शांति एवं भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराया जा सके। समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के धर्मगुरुओं एवं संबंधित व्यक्तियों को बैठक में समय से प्रतिभाग कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## दुकान में चोरी संचालिका परेशान

मड़िहान/मीरजापुर। जिंदगी पहले ही एक बड़ा जख्म दे चुकी थी। पति की मौत के बाद किसी तरह टूटे सपनों को समेटकर अपने बच्चों की परवरिश में जुटी प्रतिमा देवी ने मेहनत और हौसले के दम पर छोटी-सी दुकान खड़ी की थी। लेकिन शुक्रवार की रात चोरों ने उनकी उम्मीदों पर ऐसा वार किया कि दुकान का सामान ही समेत ले गए। मड़िहान थाना स्थित कस्बा निवासी दिवंगत कन्हैया सोनी की पत्नी प्रतिमा अपने बच्चों के साथ पचोखरा गांव में रहकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी और बर्तन की छोटी दुकान चलाती हैं। यही दुकान उनके परिवार की रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा थी। दिनभर मेहनत कर बच्चों का पेट पालने वाली प्रतिमा को क्या पता था कि रात के अंधेरे में कुछ बेखौफ चोर उनकी जिंदगी की बची-खुची पूंजी भी लूट ले जाएंगे। बताया गया कि शुक्रवार रात भोजन करने के बाद परिवार के सभी सदस्य घर में सो गए। देर रात चोर बड़ी चालाकी से दुकान का शटर चाड़कर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने आलमारी का ताला तोड़ डाला और उसमें रखा करीब दस हजार रुपये नकद, सोने का हार, सोने की चेन, छह पीस कीमती साड़ियां समेत अन्य कीमती सामान समेट ले गए। जाते समय अपनी पहचान मिटाने के लिए दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का वायर काटकर डीवीआर उठा ले गए, ताकि घटना का कोई सबूत न बच सके। सुबह जब प्रतिमा दुकान खोलने पहुंचीं तो बिखरा सामान और टूटा ताला देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## परीक्षा में धांधली कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

नोएडा। उत्तर प्रदेश के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित ऑनलाइन परीक्षा 2026 में धांधली कराने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मुख्य आरोपी सहित सात लोगों को शुक्रवार शाम को गिरफ्तार किया।

एसटीएफ ने आरोपियों के पास से 50 लाख रुपये नगद, 10 मोबाइल फोन, पांच लैपटॉप, एक राउटर, अभ्यर्थियों की एक सूची, दो प्रवेश पत्र आदि बरामद किए हैं। ये लोग एक अभ्यर्थी से नकल कराने के एवज में चार लाख रुपये तक वसूलते थे।

यूपीएसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक (नोएडा यूनिट) राजकुमार मिश्रा ने बताया कि एसटीएफ को सूचना मिली कि 22 मई को कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कराई जा रही ऑनलाइन परीक्षा (सीएपीएफ और एसएसएफ) में कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल में राइफल मैन परीक्षा में कुछ लोग धांधली कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर एक पुलिस टीम बनाई गई तथा थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित एक स्कूल के कैंपस में किराए पर चल रहे बालाजी डिजिटल जोन में आयोजित परीक्षा में धांधली करवा रहे प्रदीप चौहान, संदीप भाटी, अमित राणा, शाकिर मलिक तथा विवेक कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विवेक और शाकिर अभ्यर्थी हैं।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान एसटीएफ को पता चला है कि आरोपी एक अभ्यर्थी से चार लाख रुपये लेकर उन्हें ऑनलाइन परीक्षा में नकल करवा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सीएम डैशबोर्ड योजनाओं की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर सीएम डैशबोर्ड पर संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान श्री गौड़ ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी गंभीरता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि लीड बैंक मैनेजर एवं संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर पात्र आवेदकों को योजना का लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों के गठन, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को पोषाहार वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप सभी कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतपाल वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, डीसी मनरेगा रविंद्र वीर सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं जन शिकायतें

सोनभद्र। जनपद में आयोजित थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम चर्चित गौड़ एवं एसपी अभिषेक वर्मा ने शनिवार को थाना रॉबर्ट्सगंज पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान पहुंचे नागरिकों ने भूमि विवाद, अतिक्रमण, आपसी विवाद एवं अन्य समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। डीएमएवं एसपी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर जाकर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री गौड़ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप थाना समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण



प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

उन्होंने राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी प्रकरणों में मौके पर पहुंचकर जांच की जाए तथा गुणवत्तापूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके। थाना समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसमस्याओं के प्रति उत्तरदायी एवं सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

# बच्चों को विवेकपूर्वक ज्ञान देना होगा



सीतापुर। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में पंद्रह दिवसीय नवचयनित आचार्य विकास वर्ग में वंदना के अर्थ एवं भावात्मक पक्ष पर उद्बोधन हुआ। विद्या भारती द्वारा आयोजित पंद्रह दिवसीय नवचयनित आचार्य विकास वर्ग में आज हमारी वंदना अर्थ एवं भावात्मक पक्ष विषय पर अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री का विशेष उद्बोधन संपन्न हुआ। वर्ग में प्रदेश भर से आए नवचयनित आचार्य व आचार्या दीदियों को संबोधित करते हुए उन्होंने सरस्वती वंदना, दीप वंदना, गायत्री मंत्र और भारत माता वंदना के गूढ़ अर्थ एवं जीवन मूल्यों को विस्तार से समझाया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि मां सरस्वती का हंसवाहिनी स्वरूप, श्वेत वस्त्र, हाथों में वीणा, पुस्तक और माला ये सभी निष्कलंक जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। वीणा मधुर वाणी का, पुस्तक ज्ञानार्जन की तत्परता का और स्फटिक की माला 108 गुणों को धारण कर पारदर्शी जीवन जीने का संदेश देती है। माला का गोलाकार रूप समाज को एक सूत्र में पिरोने का प्रतीक है। उन्होंने जानकारी दी कि दीप मंत्र के साथ दीप वंदना की शुरूआत पंजाब के कार्यकताओं ने की थी, जो बाद में पूरे देश में फैली। दीप ज्योति परम ज्योति मंत्र के साथ आँख खोलकर दीप को देखने का अर्थ है गुरु स्वरूप दीप से ज्ञान का प्रकाश ग्रहण करना और अज्ञानता का अंधकार मिटाना। अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के युग में बच्चों को सिर्फ ज्ञान नहीं, विवेकपूर्वक ज्ञान देना होगा। ज्ञानार्जन से मिलने वाले चार बल शारीरिक, बौद्धिक, अधिकार और धन बल का उपयोग निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि समाज को सुखी, भयमुक्त और भूखमुक्त बनाने में होना चाहिए। उन्होंने कहा, ष्साहस आए तो रक्षा के लिए, बुद्धि प्रखर हो तो अच्छे साहित्य के सृजन के लिए।

उन्होंने बताया कि 2002 में लखनऊ की पूर्णकालिक बैठक में यह निर्णय हुआ कि गायत्री मंत्र के बाद भारत माता वंदना का मंत्र भी जोड़ा जाए, क्योंकि पहले भारत माता की उपासना का कोई मंत्र प्रार्थना में नहीं था। प्रार्थना का क्रम निराकार परमात्मा हेतु गायत्री मंत्र, फिर सरस्वती वंदना, दीप वंदना और अंत में भारत माता वंदना इसी भाव को दशार्ता है। उद्बोधन का समापन करते हुए उन्होंने महापुरुषों के कथन को दोहराया स्वास्थ्य गया तो कुछ गया, पर चरित्र गया तो सब गया। शिक्षा का अंतिम उद्देश्य राष्ट्रीय चरित्र और व्यक्ति के शील का निर्माण करना है। प्रार्थना की सारी पद्धतियां इसी लक्ष्य को प्राप्त करने का माध्यम हैं। इस अवसर पर रामजी सिंह प्रदेश निरीक्षक, श्रीराम रस्तोगी प्रबंधक, राम निवास सिंह प्रधानाचार्य व 13 जनपदों से आये प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## पॉक्सो एक्ट के दोषी राजू को 20 वर्ष के कारावास की सजा

सोनभद्र। करीब साढ़े 4 वर्ष पूर्व 9 वर्ष की नाबालिग बालिका के साथ चाकू दिखाकर जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास मामले में अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ओमकार शुक्ला की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी राजू हरिजन उर्फ रामनिवास को 20 बर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 11 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि 11 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने एक जनवरी 2022 को रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 30 दिसंबर 2021 को शाम 5 बजे उसकी 9 वर्षीय नाबालिग बेटी को राजू हरिजन उर्फ रामनिवास पुत्र घुरफेकन निवासी बढ़ौली, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र अपने घर पर बुलाकर ले गया और दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद चाकू दिखाकर बेटी से कहा कि जैसा मैं कहूंगा वैसा तुम करना नहीं तो जान से मार देंगे। उसके बाद जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया, लेकिन बेटी किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग आई और आपबीती सुनाई। इस तहरीर पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 6 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजू हरिजन उर्फ रामनिवास (29) वर्ष को बीस वर्ष का कठोर कारावास एवं 11 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वही अर्थदंड की सम्पूर्ण धनराशि 11 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

## निःशुल्क राशन वितरण कल से



सोनभद्र। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत जून 2026 माह का निःशुल्क राशन वितरण 25 मई से 10 जून 2026 तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता ने बताया कि आयुक्त के निदेर्शानुसार यह वितरण होगा। उन्होंने जानकारी दी कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा में गेहूं और चावल मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाएगा, जिसमें 10 किलो गेहूं और 25 किलो चावल शामिल है। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलो खाद्यान्न मिलेगा, जिसमें 1 किलो गेहूं और 4 किलो चावल शामिल रहेगा। यह वितरण उचित दर की दुकानों के माध्यम से किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिन कार्डधारकों का बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है, उनके लिए मोबाइल ओटीपी सत्यापन की सुविधा अंतिम तिथि 10 जून को उपलब्ध रहेगी। ऐसे लाभार्थी ओटीपी के जरिए अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही, विभाग ने सभी राशन कार्डधारकों से ई-केवाईसी कराने की अपील की है। जिन सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है, वे उचित दर की दुकान पर पहुंचकर यह प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि भविष्य में खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## एसपीएस इंटर कॉलेज में सुन्दरकांड के बाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया प्रसाद



उन्नाव। एसपीएस इंटर कॉलेज मीरकापुर उन्नाव में सुबह सुंदरकांड और पूजा-पाठ के बाद भंडारे का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज को जोड़ने का माध्यम भी है। वहीं प्रधानाचार्य अलका निगम ने कहा कि भगवान हनुमान जी शक्ति, भक्ति और लोककल्याण के प्रतीक हैं। उनके आदर्श हमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं। भंडारे के आयोजन से पूर्व एसपीएस इंटर कॉलेज के परिसर में आध्यात्मिक परिवेश देखने को मिला। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के द्वारा भक्तिभाव से सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके बाद भगवान हनुमान जी की भव्य आरती की गई। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी ने स्वयं उपस्थित श्रद्धालुओं और एसपीएस परिवार के सदस्यों, छात्र-छात्राओं को प्रसाद वितरित कर भंडारे का शुभारंभ किया। वहीं बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर स्कूल की मुख्य प्रबंधक डॉ. अर्चना वाजपेयी, प्रधानाचार्य अलका निगम, उप प्रधानाचार्य रूपम पाल, क्षमा तिवारी, शालिनी दुबे, आशीष कुमार, अर्चना तिवारी, सरनजीत सिंह, शैलेन्द्र वर्मा, विनीता श्रीवास्तव, दीपाली पांडे, वैष्णवी शुक्ला, इशिता सक्सेना, नीरज पांडे, प्राची गुप्ता, वेदिका गुप्ता, रूबीना, कर्ण यादव, प्रिया वाजपेई, सौरभ जायसवाल, सौम्या मिश्रा व अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ओवरलोड व मानक विहीन भारी वाहनों पर कार्रवाई, पांच वाहन सीज



जिला संवाददाता

शक्तिनगर, सोनभद्र। जनपद में अपराध एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शक्तिनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ओवरलोड एवं मानक विहीन भारी वाहनों के खिलाफ संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पांच ट्रेलर एवं डम्फर वाहनों को सीज किया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के मार्गदर्शन में थाना शक्तिनगर पुलिस एवं उप-सम्भागीय परिवहन अधिकारी, सोनभद्र की संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान के दौरान कुल पांच ट्रेलर एवं डम्फर वाहनों की जांच की गई, जिन पर राखड़, गिट्टी एवं बालू आदि लदा हुआ था। जांच में वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इसके बाद पुलिस ने नियमानुसार सभी वाहनों को सीज करते हुए थाना शक्तिनगर परिसर में खड़ा कराया।

पुलिस द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भी प्रेषित कर दी गई है। अभियान में प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय सहित थाना शक्तिनगर पुलिस टीम मौजूद रही। सोनभद्र पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में ओवरलोड वाहनों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## बड़े भाई से विवाद में छोटे ने किया आत्मदाह

हरदोई। जिले के अतरौली थाना क्षेत्र के नरोईया गांव में शुक्रवार शाम मोटरसाइकिल ले जाने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने कथित तौर पर आत्मदाह करके जान दे दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक बड़े भाई ने गुस्से में बाइक में आग लगा दी थी, जिससे नाराज छोटे भाई ने कथित तौर पर स्वयं पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार नरोईया गांव निवासी गंगाराम की नरोईया पुलिया के पास परचून और मिठाई की दुकान है। पुलिस ने बताया कि गंगाराम के चार बेटों- शेरू, साजन, विकास और निखिल (18) में निखिल सबसे छोटा था। पुलिस ने बताया कि गंगाराम 20 मई को पूर्णागिरि तीर्थयात्रा पर गए थे। पुलिस के अनुसार साजन और विकास बेंगलुरु में काम करते हैं, जबकि शेरू के साथ निखिल दुकान संभालता था।

पुलिस के मुताबिक निखिल शुक्रवार शाम करीब चार बजे दुकान पर बैठा था। तभी बड़ा भाई शेरू गांव वाले घर से बाइक लेकर दुकान पर आया। पुलिस के अनुसार आरोप है कि वह नशे में था और बाइक पुवायां ले जाने की जिद करने लगा, निखिल ने पिता के मना करने की बात कहकर बाइक देने से इनकार कर दिया।

पुलिस ने बताया कि इस पर दोनों भाइयों में कहासुनी हो गई और निखिल के मना करने पर शेरू ने दुकान से पेट्रोल निकालकर बाइक पर छिड़क दिया और आग लगा दी, बाइक धू-धू कर जलने लगी। पुलिस ने बताया कि निखिल ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की तो शेरू ने उसे रोक दिया, गुस्से में निखिल ने शेरू के सिर पर पानी की बाल्टी मार दी। पुलिस ने बताया कि इसके बाद निखिल दुकान से दो बोतल पेट्रोल लाया और बाइक के पास आकर कथित तौर पर अपने ऊपर उड़ेल लिया। पुलिस ने बताया कि आग लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया और उसे तत्काल अतरौली सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संडीला के पुलिस क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह के अनुसार, प्राथमिक जांच में शेरू के शराब पिए होने की बात सामने आई है और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने जुटाए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रक की टक्कर से इंजीनियर की मौत

जौनपुर। बेकाबू ट्रक की टक्कर से सिवल इंजीनियर की मौत हो गई। वह अपने चचेरे भाई की शाम में शामिल होने के लिए मुंबई से आये थे। शुक्रवार देर रात बाइक से ननिहाल जाते समय सड़क दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। हादसा ननिहाल जाते समय मुंगराबादशाहपुर के सतहरिया चैकी के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतहरिया पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया था कि हाल ही में युवक की सगाई भी तय हुई थी। कुछ दिनों में उसकी शादी थी। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। मृतक की पहचान सुजानगंज थाना क्षेत्र के रामपुर भरहरा गांव निवासी 32 वर्षीय नागेंद्र पटेल पुत्र जगदीश पटेल के रूप में हुई है। वह मुंबई में सिविल इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। नागेंद्र बीते 14 मई को अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने घर आए थे। नागेंद्र अपनी बाइक से गांव से पवारा थाना क्षेत्र के ऊंचैरा स्थित ननिहाल जा रहे थे। जौनपुर-रायबरेली हाईवे पर सतहरिया चैकी के पास बिंद बस्ती में सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को घटना की सूचना दी। नागेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और हाल ही में उनकी सगाई भी तय हुई थी। इस घटना से परिवार में शोक छा गया है।

## नाबालिग को बहला-फुसला कर भगाने के आरोपी को किया गिरफ्तार

मड़िहान/मीरजापुर। थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर पर गत 07 मई 2026 को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी की नाबालिक पुत्री को बहला-फुसला के भगाने, के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। उक्त के सम्बन्ध में लिखित तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0 -65/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी राजगढ़ को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शनिवार को उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी हरिओम उर्फ शनि पुत्र चन्द्रबली उर्फ घूसे निवासी सेमरा बरहो (मड़ईपुर) थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 137(2),87 बीएनएस में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय/जेल भेजा गया।

## उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत लहरपुर इकाई का गठन

लहरपुर (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को नगर के मोहल्ला बेंहटी स्थित अधिवक्ता मारुत पुरी के आवास पर संपन्न हुई। बैठक का आयोजन यूनियन के जिला अध्यक्ष सिराज अहमद द्वारा किया गया। जिसकी अध्यक्षता कमलेश मेहरोत्रा ने की। जिसमें तहसील कार्यकारिणी गठन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समीर पुरी ने अध्यक्ष पद के लिए रवि शाक्य का प्रस्ताव किया। जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बिजेंद्र शुक्ला ने दिनेश पटेल को महामंत्री एवं निर्मल पाण्डेय को कोषाध्यक्ष नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा। जिस पर उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में संरक्षक मंडल की जिम्मेदारी कमलेश मेहरोत्रा, रघुवंश अवस्थी, समीर पुरी, विपिन अवस्थी व बिजेंद्र शुक्ला को सौंपी गई। इसके अलावा विवेक शुक्ला व राजन शुक्ला को उपाध्यक्ष, ज्ञानेंद्र पांडेय व मोहम्मद रफी को सचिव और मारुत पुरी, अंकित अवस्थी, मोहम्मद अलीम व धर्मेंद्र पांडेय को सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस दौरान अनवर बिस्वानी, जेड आर रहमानी आदि उपस्थित थे। उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष सिराज अहमद मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने ने श्रमजीवी पत्रकार यूनियन रजिस्टर्ड की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## हत्या के मामले में पांच गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के बरसठी थाना क्षेत्र में युवक संदीप गौतम की संदिग्ध मौत के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए पांच आरोपियों और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार हत्या की वजह प्रेम प्रसंग था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने शनिवार को बताया कि क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश यादव और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त दीपक भार्गव, अभिषेक गौतम, अखिलेश गौतम उर्फ मंजय, अमन उर्फ रेड्डी, नंद किशोर उर्फ नंदू तथा एक बाल अपचारी को बरसठी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मृतक संदीप गौतम की बुआ सोनी गौतम ने आरोप लगाया था कि गुरुवार रात करीब दो बजे एक युवती ने फोन कर संदीप को मिलने के लिए बुलाया था। आरोप है कि युवती के परिजनों ने उसकी हत्या कर शव को फंदे से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की

## बुजुर्ग दंपति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

आजमगढ़। जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र में जमीन बंटवारे के तीन दिन बाद ही एक बुजुर्ग दंपति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने संपत्ति विवाद में जहर देकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेश प्रताप पांडे ने बताया कि गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोमाडीह हरिजन बस्ती में शनिवार सुबह 80 वर्षीय श्यामलाल और उनकी 70 वर्षीय पत्नी बसंता देवी अपने कमरे में मृत पाए गए। पारिवारिक जानकारी के अनुसार श्यामलाल के चार पुत्र और एक पुत्री हैं। सभी की शादी हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि तीन दिन पहले ही बुजुर्ग दंपति ने परिवार के सदस्यों को बैठाकर अपनी जमीन का बंटवारा किया था। मृतक दंपति की बेटी ने आरोप लगाया कि बंटवारे से बड़ा बेटा और उसकी पत्नी संतुष्ट नहीं थे। बंटवारे के अगले दिन दोनों का बुजुर्ग दंपति से विवाद भी हुआ था। बताया गया कि शुक्रवार रात श्यामलाल और बसंता देवी भोजन करने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। शनिवार सुबह छोटी बहू जब चाय देने पहुंची तो दोनों को बिस्तर पर अचेत अवस्था में पाया। पास जाकर देखने पर उनकी मौत हो चुकी थी

## टॉवर से गिरकर युवक की मौत मामले में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित

जौनपुर। जिले में जमीन की पैमाइश से नाराज युवक के मोबाइल टावर से गिरकर मौत के मामले में जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. ने अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन पीड़ित परिवार का सहयोग कर रहा है। जांच समिति में एडीएम (वित्त एवं राजस्व), परियोजना निदेशक और उप संचालक (चकबंदी) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। मृतक के परिवार को पारिवारिक लाभ योजना, कृषक दुर्घटना बीमा योजना और मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। सदर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) देवेश सिंह के अनुसार, बक्शा थाना क्षेत्र के उतरेजपुर गांव निवासी श्रीप्रकाश यादव (30) बृहस्पतिवार को मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया था। वह अपनी जमीन की दोबारा पैमाइश कराकर उसे चिह्नित कराने की मांग कर रहा था। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और उसे नीचे उतारने का प्रयास किया, लेकिन वह मांग पर अड़ा रहा। इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर जमीन की नाप शुरू की। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे श्रीप्रकाश यादव अचानक टॉवर से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भारी पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों से बात की। मृतक के भाई जयशंकर यादव ने बताया कि जमीन की पैमाइश को लेकर 2016 में एसडीएम अदालत में धारा-24 के तहत आवेदन किया था। आरोप है कि 2019 में गलत तरीके से पैमाइश कर दी गई। इसके बाद सही पैमाइश के लिए लगातार अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन दूसरे पक्ष के रसूखदार होने के कारण सुनवाई नहीं हुई।

# मजबूत बनी हुई है निर्यात वृद्धि की रफ्तार: गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि मई के पहले तीन सप्ताह के दौरान देश के निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। गोयल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के माहौल के बावजूद भारत निर्यात और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बेहतर वृद्धि दर्ज करते हुए लगातार वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैंने पिछले तीन सप्ताह के निर्यात आंकड़े देखे हैं। अप्रैल में जो वृद्धि दर देखने को मिली थी, वह मई में भी जारी है। हमने अनेक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मजबूती दिखाई है। अप्रैल में देश का निर्यात 13.78 प्रतिशत बढ़कर 43.56 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो चार वर्ष से अधिक समय में मासिक आधार पर सबसे उंचा स्तर है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में हुई बढ़ोतरी इसका प्रमुख कारण रही। हालांकि, आयात बढ़ने से देश का व्यापार घाटा तीन महीने के उच्च स्तर 28.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। गोयल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में एफडीआई बढ़कर रिकॉर्ड 95 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 17 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक निवेशकों के लिए पसंदीदा निवेश गंतव्य बना हुआ है, इसलिए आने वाले वर्षों में भी यह वृद्धि जारी रहने की संभावना है। गोयल ने कहा सरकार ने लागत का बड़ा बोझ खुद उठाया है, खासकर उर्वरकों की बढ़ी कीमतों के मामले में किसानों पर इसका भार नहीं डाला गया और पूरा खर्च केंद्र सरकार ने वहन किया है।

वाणिज्य मंत्रालय मई महीने के निर्यात-आयात के आधिकारिक आंकड़े 15 जून को जारी करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए लगातार नई पहल भी कर रही है। इसके साथ सरकार कुछ क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू विनिर्माण, औद्योगीकरण तथा देश में घरेलू एवं विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहले ही कई कदम उठा चुकी है।



## भारत-कनाडा व्यापार समझौते से व्यापार को मिलेगी गति

नयी दिल्ली। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की 25-27 मई को प्रस्तावित कनाडा यात्रा को सकारात्मक पहल बताते हुए कहा है कि इससे दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर वार्ता को नई गति मिलेगी। फियो ने एक बयान में कहा कि गोयल की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब दोनों देश द्विपक्षीय आर्थिक एवं व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और 2030 तक आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं। फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों की आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सीईपीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत और कनाडा कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे के पूरक हैं, जिससे व्यापार और निवेश बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं हैं। निर्यातकों के शीर्ष संगठन ने उम्मीद जताई कि गोयल की यह यात्रा सीईपीए वार्ता को नई दिशा देगी और भारत-कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# बंगाल : साल्ट लेक स्टेडियम की विवादित प्रतिमा ध्वस्त

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता के पास साल्ट लेक स्टेडियम के वीवीआईपी गेट के बाहर स्थित एक विवादास्पद प्रतिमा को पश्चिम बंगाल सरकार के निर्देशों के बाद शनिवार सुबह ध्वस्त कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। साल्ट लेक स्टेडियम को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन के नाम से भी जाना जाता है। राज्य के खेल मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने घोषणा की थी कि उक्त प्रतिमा को स्टेडियम परिसर से हटा दिया जाएगा। कई फुटबॉल प्रेमियों ने इस प्रतिमा को अजीब और ैअर्थहीन बताकर इसकी आलोचना की थी। यह प्रतिमा 2017 में साल्ट लेक स्टेडियम के नवीनीकरण के दौरान स्थापित की गई थी। इसमें धड़ का निचला हिस्सा दिखाया गया था, जिसके ऊपर एक फुटबॉल रखी हुई थी, जिस पर बिस्व बांग्ला का लोगो बनाया गया था। प्रतिमा के दोनों पैरों के ऊपर भी फुटबॉल रखी गई थी, जिनमें से एक पर जॉयी शब्द



लिखा हुआ था। बताया जाता है कि प्रतिमा की डिजाइन की परिकल्पना पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की थी। यह प्रतिमा अपनी स्थापना के बाद से ही फुटबॉल प्रशंसकों और दर्शकों के बीच बहस का विषय बनी हुई थी। कई लोगों ने देश के प्रमुख फुटबॉल स्थलों में से एक के बाहर इसकी स्थापना के औचित्य पर सवाल उठाया है। सॉल्ट लेक स्टेडियम में 17 मई को आयोजित मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के डर्बी मुकाबले में शामिल हुए प्रमाणिक ने संवाददाताओं से बातचीत के दौरान प्रतिमा की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था यह एक विचित्र और बेढंगी प्रतिमा है, जिसमें कटे हुए पैरों पर फुटबॉल रखी हुई दिखाई गई है। कई लोगों का मानना था कि जब से इसे स्थापित किया गया था, तब से पिछली सरकार के लिए चीजें बिगड़ने लगीं। खेल विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ परामर्श के बाद औरै फुटबॉल प्रेमियों के बीच स्टेडियम परिसर की मजबूत पहचान बहाल करने की योजनाओं के अनुरूप प्रतिमा को हटाने का फैसला लिया गया।

## संक्षेप

### भारत की मेजर अभिलाषा बराक को संरा मिलिट्री जेंडर एडवोकेट पुरस्कार




संयुक्त राष्ट्र। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में सेवारत भारतीय शांतिरक्षक, मेजर अभिलाषा बराक को विश्व संस्था द्वारा प्रतिष्ठित यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। पश्चिम एशियाई देश में तैनाती के दौरान महिलाओं और लड़कियों के साथ किए गए संपर्क प्रयासों के लिए बराक को 2025 का यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मेजर अभिलाषा बराक को 2025 का यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। उन्हें महिलाओं और किशोरियों के साथ संपर्क कायम करने और सामुदायिक गतिविधियों तथा शांतिरक्षकों को लैंगिक संवेदनशीलता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सम्मानित किया जा रहा है।

### क्रूजर कार- लॉरी में टक्कर, पांच की मौत

कलबुर्गी (कर्नाटक)। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में एक क्रूजर वाहन और लॉरी के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी पांचों मृतक आपस में रिश्तेदार थे। पुलिस के अनुसार, यह हादसा शुक्रवार देर रात कलबुर्गी जिले के चित्तापुर तालुक के लाडलापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान चित्तापुर तालुक के इंगलागी गांव निवासी तोलुसाब काशवार (27), हुसैन शाह (48), मैबूब अली (45), रसूल बी (42) और फातिमा अली (38) के रूप में हुई है।

### बिहार में 20 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी

पटना। बिहार सरकार ने शनिवार को लगभग 350 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं को मंजूरी दी और उनकी स्थापना के लिए लगभग 30 एकड़ जमीन आवंटित की। राज्य सरकार के अधिकारियों ने कहा कि उद्योग विभाग के तहत संचालित बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बीआईएडीए) की परियोजना मंजूरी समिति की बैठक में उन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिनसे लगभग 2,300 लोगों के लिए रोजगार पैदा होने की उम्मीद है। इस बैठक में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। विभाग ने एक बयान में कहा, समिति ने 20 औद्योगिक परियोजनाओं को मंजूरी दी।

# मनोवैज्ञानिक तरीके से लड़े जायेंगे भविष्य के युद्ध : सीडीएस चौहान

एजेंसी

शिरडी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि भविष्य के युद्ध बहु-क्षेत्रीय होंगे, जहां लड़ाइयां भूमि, समुद्र, वायु और साइबर क्षेत्र के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक तरीके से भी लड़ी जाएंगी। जनरल चौहान ने कहा कि प्रौद्योगिकी, गति और नवाचार आने वाले दिनों में अभियानों की सफलता निर्धारित करने वाले महत्वपूर्ण कारक होंगे। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के शिरडी में एक रक्षा विनिर्माण इकाई के उद्घाटन के अवसर पर सीडीएस चौहान ने कहा कि युद्ध, युद्धकला और युद्ध के तरीकों में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध केवल जनशक्ति, पारंपरिक हथियारों या प्लेटफॉर्म-केंद्रित अभियानों पर आधारित नहीं हैं। जनरल चौहान ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ड्रोन, रोबोटिक्स, साइबर प्रणालियां, स्वायत्त प्लेटफॉर्म, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, सटीक मारक क्षमता वाले हथियार और सूचना प्रभुत्व भविष्य के युद्धों को निर्णायक आकार देंगे। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी, गति और नवाचार आने वाले दिनों में अभियानों की सफलता निर्धारित करने वाले महत्वपूर्ण कारक होंगे।

# 50 औद्योगिक पार्क के लिए राज्यों से मांगे आवेदन

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने 33,660 करोड़ रुपये की भारत औद्योगिक विकास योजना (भव्य) के तहत 50 औद्योगिक पार्कों की स्थापना के लिए राज्यों से आवेदन मांगे हैं और इसके लिए चार महीने की समयसीमा तय की है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 18 मार्च को देशभर में 100 प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना को मंजूरी दी थी। ये ऐसे औद्योगिक पार्क होंगे जहां सारी जरूरी सुविधाएं पहले से तैयार हों और कंपनी अपना काम फौरन शुरू कर सके। भव्य योजना का उद्देश्य विश्व स्तरीय




औद्योगिक अवसंरचना विकसित करना, विनिर्माण क्षमता को बढ़ाना और देश की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि पहले दो महीनों में 20 औद्योगिक पार्क के लिए और उसके बाद के दो महीनों में 30 अन्य पार्क के लिए राज्यों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पहले चरण में इन 50 पार्क को मंजूरी दी जाएगी और शेष 50 पार्क को अगले चरण में स्वीकृति प्रदान करने की योजना है।

# कोर्ट ने आजम खान की सजा बढ़ाकर की 10 वर्ष

जिला संवाददाता

> ❍ अब्दुल्ला की सात साल की सजा रहेगी बरकरार


रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की एक अदालत ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान के दो पैन कार्ड से जुड़े मामले में सजा सात वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष कर दी, जबकि उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान की सात साल की सजा को बरकरार रखा गया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने अभियोजन पक्ष की उस अपील पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया, जिसमें सजा बढ़ाने की मांग की गई थी। इससे पहले, एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट अदालत के शोभित बंसल ने दोनों को सात-सात साल के कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सीमा सिंह राणा ने शनिवार को बताया कि अदालत ने आजम खान पर विभिन्न धाराओं में दी गई सजा बढ़ाते हुए जुर्माना बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब्दुल्ला आजम खान की सात वर्ष की सजा यथावत रखी गई है।

# राजस्थान में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपार संभावनाएं

एजेंसी

जयपुर। केंद्र और राजस्थान सरकार ने प्रोत्साहन, नीतिगत समर्थन एवं बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए शनिवार को राज्य को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में पेश किया और निवेशकों से इकाइयां स्थापित करने का आग्रह करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि राजस्थान में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण ने तीव्र वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में करीब 450 कारखानों की आधारशिला रखी गई है, जबकि पिछले एक वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के तहत 75 कारखानों को मंजूरी दी गई है। वैष्णव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ एक संवाद सत्र में शिरकत करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार निवेशकों को पूरा सहयोग देगी। उन्होंने निवेशकों से विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए



स्पष्ट लक्ष्य तय करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विस्तार से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उत्पादन करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है और 76,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोत्साहन पैकेज के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन तेजी से आगे बढ़ रहा है। शर्मा ने कहा कि भिवाड़ी में 50 एकड़ में फैला राज्य का पहला सेमीकंडक्टर क्लस्टर शुरू हो चुका है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता करीब छह करोड़ चिप की है। अब तक करीब 20 कंपनियों से 1,200 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य के ट्रपिल-एस लाभ (सिलिका, कौशल और सौर ऊर्जा) का उल्लेख करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लिए विशेष नीति और पूंजी सब्सिडी एवं ब्याज सहायता जैसे वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र और कांकणी को राजस्थान की सिलिकॉन वैली के रूप में विकसित किया जा रहा है। राजस्थान के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने इस मौके पर कहा कि डिजिटल युग में सेमीकंडक्टर आर्थिक आत्मनिर्भरता और वैश्विक शक्ति संतुलन की रीढ़ बन चुके हैं और राजस्थान इस मिशन में अहम भूमिका निभाने की स्थिति में है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों और विशेषज्ञों ने शिरकत की।

# सीतारमण से मिले सीएम हिमंत बिस्वा सरमा

एजेंसी

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने असम की आर्थिक वृद्धि को तेज करने की रूपरेखा पर चर्चा की।

शर्मा ने पिछले पांच वर्षों में असम को केंद्र सरकार से मिले सहयोग के लिए वित्त मंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। मैंने पिछले पांच वर्षों में असम को दिए गए निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया और आने वाले वर्षों में राज्य की वृद्धि और विकास की रूपरेखा पर चर्चा की।



मुख्यमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच पर एक अलग पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने असम सरकार की आर्थिक वृद्धि को गति देने और राज्य को पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख विकास केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना पर चर्चा की। भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली सरकार हाल ही में विधानसभा चुनावों के बाद असम में लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है।

## पेज एक का शेष

### भारत को

नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की अपनी यात्राओं के राजनयिक और आर्थिक परिणामों पर विस्तार से बताते हुए, प्रधानमंत्री ने प्रत्येक राष्ट्र के साथ किए गए क्षेत्र-विशिष्ट समझौतों और वार्ता की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान, नीदरलैंड के साथ सेमीकंडक्टर, जल, कृषि और विनिर्माण पर चर्चा हुई, स्वीडन के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल नवाचार पर जबकि नॉर्वे के साथ हरित प्रौद्योगिकी और समुद्री क्षेत्र में सहयोग पर बात हुई। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी संबंधी रणनीतिक साझेदारियों पर समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए और इटली के साथ रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर समझौते हुए। मोदी ने इस तरह के तालमेल के दीर्घकालिक महत्व पर जोर दिया और कहा कि ये वे क्षेत्र हैं जो उद्योगों को आकार देंगे और अगले 25 वर्षों के लिए वैश्विक विकास को परिभाषित करेंगे। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विश्वसनीय भागीदार के रूप में भारत के बढ़ते कद के ठोस उदाहरण के रूप में एएसएमएल-टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स समझौते का हवाला देते हुए, मोदी ने बताया कि भारत उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके साथ नीदरलैंड की सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ने समझौता किया है।

### एक जुलाई से

निगरानी प्रणाली और प्रौद्योगिकी-आधारित शासन शामिल हैं। मसौदे के अनुसार, समिति में ग्रामीण विकास विभाग, नीति आयोग, केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और तकनीकी संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस अधिनियम के तहत क्रियान्वयन, मूल्यांकन, निगरानी और रिपोर्टिंग में सहयोग के लिए केंद्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद का भी प्रस्ताव किया गया है। मंत्रालय का कहना है कि इन दोनों निकायों का उद्देश्य नीति समन्वय, संस्थागत निगरानी और सहभागी शासन को मजबूत करना है। शिकायत निवारण नियमों के मसौदे में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित एक प्रौद्योगिकी-आधारित, बहुस्तरीय और समयबद्ध प्रणाली स्थापित करने का प्रयास है, जिसमें पंजीकरण, निगरानी, शिकायत निवारण और अपील के प्रावधान शामिल हैं। प्रशासनिक व्यय नियमों में केंद्र द्वारा वहन किए जाने वाले, राज्यों के साथ साझा किए जाने वाले या राज्यों द्वारा वहन किए जाने वाले व्यय निर्दिष्ट किए गए हैं, जिनमें कर्मचारी की नियुक्ति, प्रशिक्षण, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली, निगरानी, शिकायत निवारण और सामाजिक लेखापरीक्षा पर होने वाला व्यय शामिल है।

### विधानसभा के

आने के बाद सरकार पंचायत चुनाव के तैयारी को तेज करेगी। इसके आधार पर पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के बाद ही पंचायत चुनाव हो पाएंगे। इस प्रकार प्रधानों को ही प्रशासक के तौर पर पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

### बिजली आपूर्ति

राजनीतिक मुद्दा बन गई है। विपक्षी दलों के साथ-साथ भाजपा के विधायकों ने भी अपने क्षेत्रों में चरमराती बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये हैं। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह मामला सियासी तूल पकड़ चुका है। विपक्ष के साथ ही अपनी पार्टी के विधायकों का आरोप झेल रहे ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा है कि वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सुझावों का स्वागत करते हैं और जनता की शिकायतों के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाये जायेंगे। साथ ही सोशल साइट एक्स पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के बीच भी बिजली की समस्या को लेकर बहस हुई, जिस पर अखिलेश पर निशाना साधते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा, अखिलेश जी, जब भी आईना उठाइए तो पहले खुद देखिये, फिर दिखाइए। साथ ही उन्होंने एक्स पर 19 बिन्दुओं पर जवाब भी दिया।

बता दें कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से आग बरस रही है। तापमान बढ़ने के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। ऐसे में गर्मी से बचने के लिए बिजली ही एक सहारा है, वह भी जनता को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रही है। बिजली कटौती को लेकर कई जिलों में जनता द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन भी हुए हैं। कटौती को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर बना हुआ है। साथ ही सत्ता पक्ष के भी कई विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजे हैं। इसको देखते हुए सीएम योगी ने सख्त रुख अपनाया है।

### श्रमिकों का

विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी बच्चा आर्थिक मजबूरी के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के सहयोग से इन बच्चों के कौशल विकास की कार्ययोजना भी तैयार की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में प्रारंभ की गई इस योजना के तहत 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में योजना 20 जनपदों में संचालित है। मुख्यमंत्री ने इसे नए प्रावधानों के साथ प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ह्यसेवामित्र व्यवस्थाह्न को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी व्यवस्थाएं युवाओं और कुशल कामगारों के लिए नए अवसर तैयार करती हैं। उन्होंने इसे और अधिक प्रभावी तथा जनोपयोगी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2021 से संचालित इस व्यवस्था के तहत नागरिक मोबाइल ऐप, वेब पोर्टल अथवा कॉल सेंटर के माध्यम से घरेलू सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में पोर्टल पर 1097 सेवा प्रदाता, 5049 सेवामित्र और 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों में भी आवश्यकता के अनुसार सेवामित्र व्यवस्था के उपयोग के प्रस्ताव को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

### चीन : कोयला

करने के प्रयास तेज करने चाहिए, ताकि हादसों को रोका जा सके। उपप्रधानमंत्री झांग गुओकिंग बचाव अभियान की निगरानी के लिए एक दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

### फिर बढ़े

के खुदरा दाम बढ़ा रही हैं। हालांकि इसके पहले लंबे समय पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े थे। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में यह वृद्धि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की उंची कीमतों, रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और रुपये के कमजोर होने के कारण हुई है। मूल्यवृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 98.64 रुपये प्रति लीटर से 87 पैसे बढ़कर 99.51 रुपये प्रति लीटर हो गई। इसी तरह, डीजल की कीमत 91.58 रुपये प्रति लीटर से 91 पैसे बढ़कर 92.49 रुपये प्रति लीटर हो गई। इससे पहले 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर और 19 मई को लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी।

### हथियारों का

बारूद और स्वचालन का केंद्र बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। सिंह ने कहा कि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासनकाल के दौरान, पोटैशियम नाइट्रेट का उपयोग बारूद बनाने के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता था, और कंपनी ने अपनी सैन्य क्षमता को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि रक्षा उद्योग के मामले में भारत ने काफी लंबा सफर तय किया है। सिंह ने कहा कि हालांकि आयुध कारखाने स्वतंत्रता से पहले भी मौजूद थे और रक्षा उद्योग देश में गहराई से जुड़ा हुआ है, लेकिन स्वतंत्रता के बाद, देश की पुरानी क्षमताओं और आधुनिक आवश्यकताओं के बीच कोई संतुलन नहीं रहा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इसके पीछे मुख्य कारण यह था कि निजी क्षेत्र के खिलाड़ियों को अवसर नहीं मिले और यह क्षेत्र रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और आयुध कारखानों तक ही सीमित रहा।

उन्होंने रक्षा क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को सूचीबद्ध किया, जिसमें नीति संबंधी सुधार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का उदारीकरण शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार ने रणनीतिक साझेदारी मॉडल लागू किया है और 5,000 वस्तुओं की एक सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची तैयार की है, जिसके तहत सशस्त्र बलों के लिए इन वस्तुओं की खरीद भारत में ही अनिवार्य कर दी गई है। सिंह ने आगे कहा कि युवा नवप्रवर्तकों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### 600 विद्यालयों

36 हब एवं 108 स्पोक विद्यालय (कुल 144) तथा तृतीय चरण में 96 हब एवं 288 स्पोक विद्यालय (कुल 384) में ड्रीम लैब्स स्थापित किए जाएंगे। इन ड्रीम लैब्स को आधुनिक नवाचार एवं कौशल विकास केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), 3डी प्रिंटिंग, उन्नत विनिर्माण, बैटरी चालित विद्युत वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा, ड्रोन प्रौद्योगिकी तथा डिजाइन थिंकिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) तथा स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, समस्या समाधान क्षमता, तकनीकी दक्षता एवं उद्यमिता कौशल विकसित करना है, ताकि वे भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धी बन सकें।

पांच वर्षीय साझेदारी मॉडल के अंतर्गत संचालित इस परियोजना में नेल्को लिमिटेड के नेतृत्व में औद्योगिक समूह द्वारा अत्याधुनिक मशीनरी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, सॉफ्टवेयर एवं रखरखाव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उद्योग विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ शिक्षकों का क्षमता निर्माण भी सुनिश्चित किया जाएगा जिससे मॉडल दीर्घकालिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम में यास्कावा, मास्टरकैम, 3डी सिस्टम्स, अज्नालेंस, एसीई माइक्रोमैटिक सहित विभिन्न वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता करते हुए इस पहल को शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत सेतु बताया। उन्होंने कहा कि ड्रीम लैब्स विद्यार्थियों को वास्तविक औद्योगिक अनुभव प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं उद्यमिता के बेहतर अवसरों से जोड़ेगा। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को ह्लकुशल, आत्मनिर्भर एवं नवाचार आधारित अर्थव्यवस्थाह्व के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा आने वाले समय में प्रदेश के विद्यालयों से नई पीढ़ी के तकनीकी विशेषज्ञ, नवप्रवर्तक एवं उद्यमी तैयार होंगे। अपर निदेशक (व्यावसायिक शिक्षा) सुरेन्द्र कुमार तिवारी तथा अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णु कान्त पाण्डेय सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### डॉक्टर की

आरोप लगाया कि उपचार के दौरान लगाए गए एक इंजेक्शन से उनकी मां के दाहिने हाथ में गंभीर सूजन और संक्रमण हो गया। बाद में उन्हें पारस अस्पताल में स्थानांतरित किया गया, जहां चिकित्सकों ने कथित तौर पर परिवार को बताया कि संक्रमण व्यापक रूप से फैल चुका है और हाथ काटना ही एकमात्र विकल्प बचा है। इसके बाद 17 मई को उनका हाथ काट दिया गया। आईटीबीपी जवान ने सोमवार को पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर अस्पताल प्रशासन के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्वाई नहीं की गई।

# रूबियो ने पीएम मोदी से मुलाकात की

## अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो का नयी दिल्ली में हार्दिक स्वागत है

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर आये अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को सुधारना है, जिनमें पिछले साल के मध्य से ही तनाव बना हुआ है। रूबियो के नयी दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने के साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता करना निर्धारित है। रूबियो ने आज सुबह कोलकाता पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, भारत पहुंच गया हूं। एक शानदार यात्रा की उम्मीद है। रूबियो ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली रवाना होने से पहले कोलकाता में सेंट टेरेसा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, अमेरिका के विदेश



मंत्री मार्को रूबियो का नयी दिल्ली में हार्दिक स्वागत है। उनकी यात्रा से भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती मिलेगी। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने विदेश मंत्री रूबियो का स्वागत करते हुए द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से एक दूरदर्शी एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की आगामी बैठक और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मजबूत अमेरिका-भारत साझेदारी के रणनीतिक दृष्टिकोण को साकार करने पर वाशिंगटन द्वारा ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

रूबियो ने राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। रविवार को उनका जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने का कार्यक्रम है। अमेरिकी विदेश मंत्री सोमवार को आगरा और जयपुर का दौरा करेंगे और फिर मंगलवार सुबह क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए दिल्ली लौटेंगे। मामले के बारे में जानकारी रखने वालों के अनुसार, जयशंकर और रूबियो के बीच होने वाली वार्ता में ऊर्जा, व्यापार, निवेश, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी और दोनों देशों के लोगों के बीच आदान-प्रदान के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा होने की संभावना है।

### अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कोलकाता में मदर हाउस और निर्मला शिशु भवन का दौरा किया

कोलकाता। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कोलकाता में सेंट टेरेसा के मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस और निर्मला शिशु भवन का दौरा किया। रुबियो भारत की अपनी पहली चार दिवसीय यात्रा पर आज सुबह कोलकाता पहुंचे। कोलकाता के हवाई अड्डे पर भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय का दौरा किया और वहां के अधिकारियों से बात की। रुबियो बाद में गोर और अन्य अधिकारियों के साथ मिशनरीज ऑफ चैरिटी द्वारा संचालित बाल गृह निर्मला शिशु भवन भी गए।

## ट्रंप ईरान के खिलाफ नये हमले शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे : रिपोर्ट



वाशिंगटन। ईरान के साथ शांति समझौते को लेकर अगर अंतिम समय की बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती है तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ नए हमले शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर सकते हैं। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस ने शुक्रवार को खबर में यह जानकारी दी। खबर में कहा गया कि ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। इस बीच, पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचे और कतर के एक प्रतिनिधिमंडल ने अंतिम समय में समझौता कराने के प्रयास में उनका साथ दिया।

एक्सियोस को दो अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार सुबह ईरान के साथ युद्ध के संबंध में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई। राष्ट्रपति से सीधे बात करने वाले सूत्रों के अनुसार, ट्रंप वार्ता में अंतिम समय में कोई सफलता न मिलने की स्थिति में ईरान के खिलाफ नए हमले शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। शनिवार को मुनीर की मुलाकात ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के कमांडर और ईरानी निर्णय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जनरल अहमद वाहिदी से होने की उम्मीद है।

एक्सियोस की खबर में कहा गया कि राजनयिक प्रयासों से अवगत एक अमेरिकी अधिकारी ने वार्ता को बेहद चुनौतीपूर्ण बताया और यह भी कहा कि मसौदा हर दिन इधर-उधर भेजा जा रहा है लेकिन कोई खास प्रगति नहीं हो रही है। शुक्रवार सुबह व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में ट्रंप के साथ हुई बैठक में उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, सीआईए (सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी) के निदेशक जॉन रैटक्लिफ, व्हाइट हाउस की चीफ ऑफ स्टाफ सूसी वाइल्स और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा।

## संक्षेप

### यूक्रेन के ड्रोन हमले से रूस के तेल डिपो में लगी आग

कीव। यूक्रेन द्वारा शुक्रवार रात ड्रोन से किये गए हमले में रूस के एक और तेल टर्मिनल में आग लग गई। रूस के क्रास्नोदार क्षेत्र के स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। नोवोरोस्सियस्क शहर के अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन का मलबा गिरने से एक तेल टर्मिनल में आग लग गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। हालांकि अधिकारियों ने उक्त तेल टर्मिनल का नाम नहीं बताया। रूस के समाचार संस्थान एस्ट्रा के मुताबिक यूक्रेन के ड्रोन ने शेस्खारिस तेल टर्मिनल और डिपो पर हमला किया, जो इस क्षेत्र में रूसी की सरकारी पाइपलाइन कंपनी ट्रांसनेफ्ट की मुख्य तेल पाइपलाइन का अंतिम छोर है। एस्ट्रा द्वारा साझा की गई तस्वीरों में तेल टर्मिनल के ऊपर धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन इनकी पुष्टि नहीं हो सकी। यूक्रेन ने हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। इस बीच, रूस द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन द्वारा रूस-अधिकृत लुहांस्क क्षेत्र के स्टारोबिलस्क शहर में एक कॉलेज के छात्रावास भवन पर शुक्रवार की रात किये गए ड्रोन हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को छात्रावास पर हुए हमले की निंदा करते हुए इसे अपराध बताया।

## बिहार में मुठभेड़ और बुलडोजर का राज लेकर आई भाजपा : वामपंथी

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने शनिवार को बिहार में सत्तारूढ़ भाजपा पर न्याय के साथ विकास के सिद्धांत को त्यागने और मुठभेड़ व बुलडोजर के शासन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। भट्टाचार्य ने सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री बनने के लगभग एक महीने बाद एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्राथमिकताएं कानून के शासन के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ इतना ही नहीं कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया है। राजनीतिक विमर्श और शासन प्रणाली भी पूरी तरह से बदल गई है। सुशासन और न्याय के साथ विकास अब सरकार का आदर्श वाक्य नहीं रह गया। भाकपा (माले) लिबरेशन ने कुछ मौकों पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के साथ गठबंधन किया है। वामपंथी नेता ने आरोप लगाया, भाजपा के शासन में मुठभेड़ और बुलडोजर चर्चा का विषय बन गए हैं।

## वायु प्रदूषण को लेकर रेखा गुप्ता गंभीर




एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में सरकार की इनोवेशन चैलेंज योजना के तहत शहर के कुछ हिस्सों में वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से लगाए गए उपकरणों का शनिवार को निरीक्षण किया। गुप्ता ने पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के साथ कीर्ति नगर औद्योगिक क्षेत्र के पास लगाए गए पोल-माउंटेड डस्ट कलेक्टर और कीर्ति नगर फायर स्टेशन पर स्थापित सेंट्रल वर्ज एयर प्यूरीफायर का निरीक्षण किया।

**❍ उपकरणों का लिया जायजा**

पिछले साल अक्टूबर में सिरसा ने प्रदूषण कम करने के लिए इस पहल की शुरुआत की थी, जिसमें व्यक्तियों, स्टार्टअप्स और शोध संस्थानों को पीएम2.5 और पीएम10 जैसे कणों के उत्सर्जन को कम करने के लिए विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। निरीक्षण के दौरान सिरसा ने बताया कि उपकरण में लगातार धूल जमा होती रहती है और लगभग 15-20 दिन बाद जब यूनिट भर जाती है तो बैकएंड तकनीक अधिकारियों को सूचित कर देती है। उन्होंने कहा, यह उपकरण 400 वर्ग मीटर के दायरे से धूल एकत्र कर सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 48 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी

नयी दिल्ली। सीमा शुल्क विभाग ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 48 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया है और इस सिलसिले में दो थाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली हवाई अड्डे के सीमा शुल्क आयुक्त अरविंद सरन ने कहा कि यह जब्ती हाल के वर्षों में देश के किसी भी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गई सबसे बड़ी मादक पदार्थों की बरामदगी में से एक है। सरन ने कहा, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारी मादक पदार्थों और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी के प्रयासों को रोकने के लिए चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोने की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए भी समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, 22 मई को उतरे दोनों यात्रियों को हवाई अड्डे पर ग्रीन चैनल पार करने के बाद रोक लिया गया।

## परमाणु अप्रसार संधि की समीक्षा के लिए आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में नही बन सकी सहमति

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने संबंधी संधि की समीक्षा के लिए आयोजित संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन अंतिम दस्तावेज पर कोई सहमति बने बिना शुक्रवार को समाप्त हो गया।

विशेषज्ञों ने कहा कि सहमति नहीं बनने की वजह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच विवाद रहा। सम्मेलन की अध्यक्षता करने वाले वियतनाम के संयुक्त राष्ट्र राजदूत डो हुंग विएट ने घोषणा की कि परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 पक्षकार अंतिम दस्तावेज पर आम सहमति नहीं बना पाए। उन्होंने यह नहीं बताया कि किस देश या किन देशों के कारण सहमति नहीं बन सकी। यह तीसरी बार है जब एनपीटी की समीक्षा के लिए आयोजित सम्मेलन में सहमति नहीं बन सकी।

इस संधि को वैश्विक परमाणु अप्रसार और निरस्त्रीकरण की आधारशिला माना जाता है। अगस्त 2022 में हुई पिछली संधि समीक्षा में रूस के कारण अंतिम दस्तावेज पर सहमति नहीं बन पाई थी।

इसका कारण फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण और यूरोप के सबसे बड़े जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर मास्को के कब्जे से जुड़े संदर्भ थे।

ईरान युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हवाई हमलों के साथ शुरू हुआ था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इस युद्ध का उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकना है।

### न्यूयॉर्क में विस्फोट एक की मौत, 36 घायल

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क शहर के एक शिपयार्ड में शुक्रवार को लगी आग और दो विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में घायल हुए 36 लोगों में अधिकतर दमकलकर्मी और अन्य आपातकालीन सेवाकर्मी हैं। एक आम नागरिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिस समय दूसरा विस्फोट हुआ दो दमकलकर्मी इमारत के अंदर थे जिससे कि वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने शुक्रवार शाम को संवाददता सम्मेलन में कहा, हालात बेहद जटिल है और स्थिति लगातार बदल रही है।

## छह नगाओं के अपहरण का केस एनआईए को सौंपा

एजेंसी

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने शनिवार को कहा कि छह नगा ग्रामीणों के अपहरण से जुड़े मामले को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपा जाएगा।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह घोषणा यूनाइटेड नगा काउंसिल (यूएनसी) के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल और मुख्यमंत्री के बीच हुई बैठक के दौरान की गई। यूएनसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उसके अध्यक्ष एनजी लोर्हो ने किया, जबकि सरकार की ओर से उपमुख्यमंत्री लोसी डिखो, गृह मंत्री



गोविंदास कोंथौजम और कई नगा विधायक मौजूद थे। बैठक के दौरान यूएनसी ने सरकार से कांगपोकपी जिले के कोंसाखुल गांव से अगवा किए गए छह ग्रामीणों की तलाश के प्रयास तेज करने का आग्रह किया। बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री ने यूएनसी प्रतिनिधिमंडल को बताया कि अगवा किए गए छह नगा लोगों का मामला एनआईए को सौंपा जाएगा। इसमें कहा गया कि 13 मई को कांगपोकपी जिले में गिरजाघर के तीन पदाधिकारियों की हत्या के मामले को पहले ही जांच के लिए केंद्रीय एजेंसी को सौंपा जा चुका है।

सिंह ने बताया कि लापता ग्रामीणों का पता लगाने के लिए 14 मई से खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने यूएनसी से सरकार की मदद करने और 14 कुकी नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित कराने की अपील की, जिन्हें सरकार के अनुसार हिंसा शुरू होने के बाद से बंधक बनाकर रखा गया है।

## इंटरटेनमेंट...

## भोपाल में गूंजेगी एआर रहमान की आवाज

**मुंबई।** कॉन्सर्ट और फिल्म प्रमोशन के लिए एआर रहमान, दिव्येंदु शर्मा, जाह्नवी कपूर, रवि किशन और राम चरण भोपाल पहुंच चुके हैं। राजधानी भोपाल में संगीत प्रेमियों के लिए आज खास मौका है। मशहूर संगीतकार और गायक एआर रहमान आज शहर में लाइव कॉन्सर्ट करने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भेल दशहरा मैदान में शाम 7 बजे से शुरू होगा, जिसमें सभी के लिए प्रवेश खुला रखा है। कॉन्सर्ट और फिल्म प्रमोशन के लिए दिव्येंदु शर्मा, ज्हान्वी कपूर, और रवि किशन और राम चरण भोपाल पहुंच चुके हैं। इन सितारों की एक झलक पाने के लिए भोपाल एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में शहरवासी जुटे, जिससे वहां उत्साह का माहौल देखने को मिला। फिल्म पेद्दी 4 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ये एक पैन इंडिया फिल्म है। बुच्ची बाबू के




निर्देशन में बनी इस फिल्म को एआर रहमान ने म्यूजिक दिया है। ये जान्हवी कपूर की दूसरी तेलुगु फिल्म है। उन्होंने 2024 में फिल्म देवरा से तेलुगु सिनेमा में डेब्यू किया था। इससे पहले मुंबई के बीकेसी में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च इवेंट आयोजित किया गया था, जहां फिल्म की पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही। साउथ सुपरस्टार राम चरण और जान्हवी कपूर जल्द ही फिल्म पेद्दी में नजर आने वाले हैं। खास बातचीत में राम चरण ने बताया है कि वो इस फिल्म में कुश्ती करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए वो भारत के दिल मध्यप्रदेश के भोपाल से शुरूआत करेंगे, जहां ए.आर. रहमान लाइव परफॉर्मेंस देंगे। जब राम चरण से पूछा कि फिल्म का प्रमोशन 'भारत के दिल' यानी भोपाल से शुरू करने की क्या वजह रही? तो वो कहते हैं।

**❍ फिल्म 'पेद्दी' के प्रमोशन के लिए सितारों का जमावड़ा**

## फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में अधूरा प्यार और बिछड़ने का दिखेगा दर्द

**मुंबई।** 'मैं वापस आऊंगा' में एक बार फिर अधूरे प्यार, बिछड़ने और लौटकर आने की कसक देखने को मिलेगी। रॉकस्टार का सीक्वल नहीं बनाएंगे इम्तियाज अली, लेकिन उनकी आगामी फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में एक बार फिर अधूरे प्यार, बिछड़ने और लौटकर आने की कसक देखने को मिलेगी। दिलजीत दोसांझ, शरवरी, वेदांग रैना और नसीरुद्दीन शाह स्टारर यह फिल्म सिर्फ लव स्टोरी नहीं, बल्कि यादों, माइग्रेशन और इमोशनल टूटन की कहानी है। खास बातचीत में इम्तियाज अली ने बताया कि वह 'रॉकस्टार' का सीक्वल क्यों नहीं बनाना चाहते। वहीं उन्होंने दिलजीत दोसांझ, ए.आर. रहमान और अपनी फिल्मों में बार-बार दिखने वाले दर्द व बिछड़ने के एहसास पर भी खुलकर बात की। शरवरी और वेदांग ने भी फिल्म से अपने भावनात्मक जुड़ाव और किरदारों की तैयारी के अनुभव साझा किए। इम्तियाज अली: जब मैं फिल्म बनाता हूं, तब अपने बारे में नहीं सोच रहा होता। शायद मैं कहानियां बनाकर खुद से भागने की कोशिश करता हूं।

लेकिन ये सच है कि जब आप किसी शहर को छोड़ रहे होते हैं, तभी उसकी सबसे ज्यादा याद आती है। वेदांग रैना: शुरूआत में मेरे लिए सबसे बड़ी बात सिर्फ इम्तियाज सर के साथ काम करना था।

**❍ रॉकस्टार का सीक्वल नहीं बनाएंगे इम्तियाज अली**

### रणवीर सिंह बहुत कमाल व सिक्योर एक्टर हैं : अंजुम

**मुंबई।** एक्टर अंजुम शर्मा इन दिनों वेब सीरीज 'कप्तान' में अपने किरदार 'मुन्ना' को लेकर चर्चा में हैं। 'मिजार्पुर' के शरद शुक्ला के बाद अंजुम ने इस बार एक बिल्कुल अलग और मस्तमौला किरदार निभाया है। बातचीत में अंजुम शर्मा ने इंडस्ट्री में आउटसाइडर होने के संघर्ष, स्टार्स की इनसिक्योरिटी, ओटीटी के बदलते दौर पर बात की। ओटीटी मेनस्ट्रीम सिनेमा का ही एक्सटेंशन है। वही फिल्ममेकर आए, जिन्होंने फिल्मों का अनुभव लेकर 'मिजार्पुर, 'सेक्रेड गेम्स' जैसी सीरीज बनाई। फर्क सिर्फ इतना था कि यहां लॉन्ग फॉर्मेट मिला, इसलिए कहानियों को ज्यादा गहराई और खुलकर दिखाया जा सका।

## कांस 2026 : सफायर ब्लू गाउन में पहुंची ऐश्वर्या राय

**मुंबई।** कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अनऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है। ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल

**❍ बेटी आराध्या का भी हुआ अनऑफिशियल डेब्यू लाल गाउन में मां का हाथ थामकर दिए पोज**

ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं। साल 2002 में कांस में डेब्यू करने के लिए ऐश्वर्या ने पीली साड़ी के साथ गोल्ड जूलरी पहनी थी। यहां देवदास की



स्क्रीनिंग हुई थी। ऐश्वर्या राय ने कांस 2004 में रेड कार्पेट पर फ्लैट फुटवियर पहने थे, हालांकि अब इन पर प्रतिबंध है। पर्पल-ब्लू लिप्स्टिक लगाने पर ऐश्वर्या राय की जमकर आलोचना हुई थी। कांस रेड कार्पेट में इस गाउन के लिए ऐश्वर्या को जमकर ट्रोल किया गया था।

हर साल दुनियाभर के चुनिंदा लोगों को ज्यूरी में शामिल किया जाता है। मृणाल सेन पहले भारतीय थे, जिन्हें 1982 में ज्यूरी में शामिल किया गया था। इसके अलावा ज्यूरी बनने वाली पहली भारतीय महिला डायरेक्टर मीरा नायर थीं। ऐश्वर्या राय पहली इंडियन एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कांस में ज्यूरी बनाया गया। हालांकि अब दीपिका पादुकोण, विद्या बालन और शर्मिला टैगोर भी इस लिस्ट में शामिल हैं। आलिया कान्स 2026 में लोरियल पेरिस की ग्लोबल एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई हैं। तीसरे लुक में आलिया डिजाइनर तरुण तहिलियानी की आइवरी साड़ी में दिखाई दीं। वे फ्रेंच रिवेरा में भारत पैवेलियन पहुंचीं, जहां उन्होंने फिल्म मेकर आशुतोष गोवारिकर के साथ 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और क्रिएटिव विजन लॉन्च किया।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K